संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

15वें वर्ष में प्रवेश

दैनिक छत्तीसगढ़ नेशनल डिनर

◆ वर्ष-15 ◆अंक-048 ◆ रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024 ◆रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ◆ CHHHIN/2010/34274 ◆ पृष्ठ-08 मूल्य-1.50 रुपए

आज का पंचांग



तिथि	त्रयोदशी
नक्षत्र	मूल
प्रथम करण	कौवाला
द्वितीय करण	तैतिल
पक्ष	शुक्ल
वार	शुक्रवार
योग	इंद्र
सूर्योदय	05.39
सूर्यास्त	19.14
चंद्रमा	धनु
राहुकाल	10.45 - 12.26
विक्रमी संवत	2081
शक संवत	1944
मास	आषाढ़
शुभ मुहूर्त	अभिजीत

आज साय कैबिनेट की बैठक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 19 जुलाई को नवा रायपुर में महानदी भवन स्थित मंत्रालय में होगी। बैठक का आयोजन दोपहर 3 बजे किया गया है।

मुख्यमंत्री ने माओवादी हिंसा की घटना में जवानों की शहादत को नमन किया

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माओवादी हिंसा की घटना में जवानों की शहादत को नमन किया है। उन्होंने शहीद जवानों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए दुश्चिष्ठ ब्लास्ट में एसटीएफ के 2 जवानों के शहीद होने और 4 जवानों के घायल होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

चंडीगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतरी, दो की मौत

लखनऊ। गोंडा रेलवे स्टेशन से गोरखपुर वाया डिब्रूगढ़ जा रही चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (15904) की 14 बोगियां पटरी से उतरकर पलट गईं। इनमें दो एसी कोच रेल पटरी के बगल खंती में भरे पानी में पलट गये। इससे पहले तेज रफ्तार ट्रेन के दो कोच बेपटरी हो गये। हादसा गोंडा-गोरखपुर रेल मार्ग पर मोतीगंज से झिलाही बाजार के बीच पिकौरा गांव के पास हुआ है।

इसमें दो यात्रियों की मौके पर मौत हो गई, दो अन्य मरणासन्न हालत में लखनऊ रेफर कर दिये गये। कुल 31 रेलयात्री घायल हैं। हादसे की प्रारंभिक वजह बारिश से पटरी के दोनों तरफ जलभराव होने से ट्रैक का बैठना बताया जा रहा है। बोगियों के बेपटरी होने से लगभग 500 मीटर ट्रैक उखड़ गया, जबकि इलेक्ट्रिक लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

शहरी आजीविका मिशन में अच्छे कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिले पांच राष्ट्रीय पुरस्कार

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के 'स्पार्क' पुरस्कारों में प्रदेश का दबदबा

- दस लाख तक जनसंख्या श्रेणी में बिलासपुर, तीन लाख जनसंख्या श्रेणी में रायगढ़ और एक लाख जनसंख्या श्रेणी में भाटापारा को प्रथम पुरस्कार
- 50 हजार जनसंख्या श्रेणी में चांपा को द्वितीय पुरस्कार, राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ को तृतीय पुरस्कार
- केन्द्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सूडा और चार नगरीय निकायों को किया पुरस्कृत
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पुरस्कृत नगरीय निकायों को दी बधाई

राज्य की ओर से इन्होंने ग्रहण किए पुरस्कार

नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ को मिला तृतीय पुरस्कार सूडा (राज्य शहरी विकास अभिकरण) के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरि, राज्य मिशन प्रबंधक विवेक शुक्ला और प्रशांत अमोली ने ग्रहण किया। बिलासपुर नगम निगम के आयुक्त अमित कुमार, रायगढ़ नगर निगम के आयुक्त सुनील चंद्रवशी, सिटी मिशन प्रबंधक केदार पटेल और शुभम शर्मा, भाटापारा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह और सिटी मिशन प्रबंधक नीरज साहू तथा चांपा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी और भोला सिंह ठाकुर ने अपने-अपने निकायों की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन, संयुक्त सचिव तथा एनयूएलएम एवं पीएम स्वनिधि के प्रबंध निदेशक श्री राहुल कपूर, पीएम स्वनिधि की संचालक श्रीमती शालिनी पाण्डेय और एनयूएलएम के संचालक सुनील कुमार यादव भी पुरस्कार समारोह में मौजूद थे।

नई दिल्ली/रायपुर। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आज नई दिल्ली में प्रदान किए गए 'स्पार्क' पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ का दबदबा रहा। राज्य को इसमें विभिन्न श्रेणियों में पांच पुरस्कार मिले। प्रदेश के तीन शहरों को अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार, एक नगरीय निकाय को द्वितीय पुरस्कार और राज्य स्तरीय पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार वितरित किए। छत्तीसगढ़ से गए 20 अधिकारियों और लाभार्थियों की टीम ने अपने-अपने निकायों की ओर से ये पुरस्कार ग्रहण किए। दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित 'स्पार्क 2023-24' पुरस्कारों के अंतर्गत दस लाख तक जनसंख्या श्रेणी में बिलासपुर नगर निगम को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं तीन लाख तक जनसंख्या श्रेणी में रायगढ़ नगर निगम को और एक लाख तक जनसंख्या श्रेणी में भाटापारा नगर पालिका को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। चांपा नगर पालिका को 50 हजार तक जनसंख्या श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में श्रेष्ठ कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम के साथ ही प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदत्त ये पुरस्कार राज्य के लिए सम्मान का विषय है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार और कौशल विकास के साथ ही शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता प्रदान की जा रही है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने भी सूडा और पुरस्कार के लिए चयनित नगरीय निकायों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन महिलाओं एवं युवाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मिशन है।

न्यायिक जांच आयोग के अध्यक्ष पहुंचे बलौदाबाजार, अमर गुफा का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार में ही होगी पीठ की सुनवाई, जिला निर्वाचन कार्यालय में कक्ष हुआ आबंटित

बलौदाबाजार। जिले के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखाम तोड़े जाने की जांच औपचारिक तौर पर गुरुवार से शुरू हो गई। घटना की जांच करने न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश सी बी बाजपेयी बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर पहुंचे वह अपर कलेक्टर कार्यालय में दस्तावेज देखकर अपर कलेक्टर को तैयारी को लेकर दिशा निर्देश दिए। बाजपेयी ने कहा कि अभी तो हम यहां व्यवस्था देखने आए हैं। बलौदाबाजार में ही जांच आयोग बैठेगा। सभी पक्षों से शपथ पत्र में जानकारी लेंगे। इसके बाद प्रति परीक्षण और बयान की कार्रवाई आगे होगी इसके साथ न्यायालय परिसर का भी चिन्हाकन आज किया जाएगा। इसके बाद बाजपेयी ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में स्थित घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही बलौदाबाजार पीठ की सुनवाई होगी इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में कक्ष आबंटित कर दिया गया है। जिसमें कक्ष क्रमांक 1 न्यायमूर्ति सी.बी. बाजपेयी, सेवानृत्ति न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय,बिलासपुर, 2 न्यायालयीन उपयोग हेतु एवं 3 न्यायिक जांच आयोग के स्टॉफ हेतु आबंटित किया गया है।

छत्तीसगढ़ को अयोध्या तक मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी, नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

रायपुर/नई दिल्ली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की। बैठक में राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में व अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़क परिवहन को और अधिक सुलभ व सुविधाजनक बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और भारत सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति एवं सुदूर आदिवासी वनांचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। साय ने बताया यह मार्ग प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ राज्य को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का किया आग्रह

मुख्यमंत्री ने कवर्धा-राजनांदगांव-भानुप्रतापपुर-अंतागढ़-नारायणपुर-गीदम-दंतेवाड़ा-सुकमा मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बताया यह कुल 482 किमी लंबा राज्य के कुल 6 राष्ट्रीय राजमार्गों एवं 5 जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के निर्माण होने से बस्तर का नक्सल प्रभावित क्षेत्र मुख्यमार्ग से जुड़ेगा एवं नक्सल गतिविधियों में कमी आएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा रायपुर शहर से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। एनएच 130बी से 53 को जोड़ने वाले मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा यह मार्ग एनएच घोषित होने से रायपुर शहर का रिंग रोड पूर्ण रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग हो जाएगा। इसके अलावा उन्होंने रतनपुर-लोरमी-मुंगेली-नांदघाट-भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग, केंवची-पेंड्रारोड-पसान-कटघोरा मार्ग, मुंगेली-नवागढ़-बेमेतरा-धमधा-दुर्ग-झलमला मार्ग, राजनांदगाँव-मोहला-मानपुर मार्ग, पंडरिया-बजाग-गाड़ासरई मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री ने रखा है।

एनएच क्रमांक 53 पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण की आवश्यकता

मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 में कटघोरा से अंबिकापुर तक फोर लेन चौड़ीकरण करने तथा एनएच क्रमांक 53 पर टाटीबंध से तेलीबांधा तक सुरक्षित यातायात की दृष्टि से सरोना चौक, उद्योग भवन, और तेलीबांधा चौक पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण की आवश्यकता बताई है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के वार्षिक योजना 2024-25 में एनएच 30 धमतरी से जगदलपुर व एनएच 130बी में रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ मार्ग फोर लेन करने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, रायपुर-दुर्ग एनएच 53 के दो जंक्शन सिरसा गेट व खुर्सीपार जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण के स्वीकृति का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत 1383 करोड़ के 13 कार्यों के प्रस्ताव मंत्रालय को भेजे गए हैं। उन्होंने प्रस्तावों को जल्द स्वीकृत करने का अनुरोध किया। मुलाक़ात के दौरान मुख्यमंत्री ने रायपुर में नवंबर में होने वाले इंडियन रोड कॉंग्रेस का 83वां वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री को आमंत्रण भी दिया। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने छत्तीसगढ़ में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर जल्द से जल्द सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।

जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार खोले जाने पर पुरी पीठ के शंकराचार्य का बड़ा बयान, कहा-

उनको हमारी जरूरत नहीं तो हम क्यों दें बीच में दखल



रायपुर। जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार खोले जाने पर पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वतीजी महाराज ने कहा कि मुझसे कोई परामर्श नहीं लिया गया. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि शंकराचार्य के परामर्श से ही सब काम होना चाहिए, लेकिन हमसे कोई परामर्श नहीं लेता. हमारी जरूरत उनको नहीं है, तो हम क्यों बीच में दखल दें? मान न मान, मैं तेरा मेहमान क्यों बने. रायपुर रेलवे स्टेशन से पुरी के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा में स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वतीजी महाराज ने छत्तीसगढ़ में गौ तस्करों पर नकेल कसने बनाए गए कानून को लेकर तंज कसते हुए कहा कि इसका मतलब स्मगलिंग हो सकती है. अवैध क्यों लगाया गया. केवल स्मगलिंग क्यों नहीं रखा गया?

डायरिया और मलेरिया से हो रही मौतों पर हाई कोर्ट ने लिया संज्ञान

बिलासपुर। डायरिया और मलेरिया से प्रदेश में हो रही लगातार मौतों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए आज हाई कोर्ट में जनहित याचिका मानकर सुनवाई की. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के डिवीजन बेंच ने अव्यवस्था पर प्रदेश के मुख्य सचिव से जवाब मांगा है. बता दें कि जिले में 7 जुलाई से लेकर अब तक 501 मरीजों की डायरिया और मलेरिया की चपेट में आने की पुष्टि हो चुकी है. इनमें से 29 मरीज इलाज के बाद स्वस्थ हो चुके हैं, वहीं जिले के अलग अलग उप स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों में 72 मरीजों का इलाज अभी भी जारी है. इस बीच 2 लोगों की मलेरिया और 1 की डायरिया से मौत हो चुकी है. जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी संक्रामक बीमारियों से लोगों की जान जा रही है. ऐसी घटनाओं पर हाई कोर्ट ने गंभीरता दिखाते हुए जनहित याचिका मानकर मामले की सुनवाई कर रहा है. चीफ जस्टिस के डिवीजन बेंच ने प्रदेश के मुख्य सचिव से जवाब मांगा है.

वाणिज्य मंत्री देवांगन की अनुशंसा पर मिली स्वीकृति

शहर को मिलेगी वर्ल्ड क्लास इंडोर स्टेडियम की सौगात, छात्रों के लिए 3 हॉस्टल होंगे शुरू

कोरबा। शहर के चिर्रा-श्यांग मार्ग, टीपीनगर में वर्ल्ड क्लास इंडोर स्टेडियम बनेगा साथ ही दो महाविद्यायल के तीन हॉस्टल की मरम्मत के साथ संचालन शीघ्र शुरू होगा। डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक में वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की अनुशंसा पर स्वीकृति दी गई है। कोरबा में लंबे समय से सीटी स्कैन मशीन की मांग की जा रही थी। इस पर करीब 11 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। बैठक में मंत्री लखन लाल देवांगन ने

मल्टीलेवल पार्किंग के विषय में सभी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा की भवन अब तक अधूरा है। भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। मंत्री देवांगन ने भवन में अस्पताल शुरू करने की मांग की। इस विषय पर कलेक्टर ने बताया कि निर्माण करने वाले ठेकेदार को नोटिस दिया गया है, अगर 15 दिन के भीतर काम शुरू नहीं होते है तो उसकी बैंक गारंटी में रखी राशि राजसात कर पुन: वर्क ऑर्डर किया जाएगा। इसके बाद भवन का अन्य प्रयोजन के लिए तैयारी प्रारंभ की जाएगी। इस अवसर पर कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया समेत कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष, सीईओ जिला पंचायत भी उपस्थित रहे।

चिर्रा-श्यांग मार्ग के निर्माण की सहमति मिलने पर रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन का आभार जताया। जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर ने कहा कि आजादी के बाद सभी जगह सड़क बन गई, लेकिन यह सड़क नहीं बन सकी थी। लेकिन अब जाकर यह सड़क बनने जा रही है।

अंडर ब्रिज के प्रभावितों को मिलेगा मुआवजा- बैठक में मंत्री देवांगन ने कहा कि शहर की बहुप्रतीक्षित संजय नगर रेलवे फाटक पर अंडर ब्रिज का काम जल्द शुरू होने वाला है। इसमें बहुत सारे मकान प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे परिवार की पहले मुआवजा राशि और अन्य जगह देने पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई।

बांकीमोंगरा नगर पालिका को विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ की स्वीकृति- बांकीमोंगरा नगर पालिका के विभिन्न विकास कार्यों के लिए शासी परिषद की बैठक में 5 करोड़ की स्वीकृति दी। पिछले ही दिनों पदभार ग्रहण समारोह में मंत्री देवांगन ने फंड की जल्द उपलब्धता का भरोसा दिलाया था, मंत्री देवांगन समेत अन्य सदस्यों की अनुशंसा पर 5 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई।

काजनसरा कोकड़ी नाला जलाशय में मछली पालन के लिए 10 वर्ष की लीज हेतु आवेदन 31 तक

गरियाबंद। जनपद पंचायत गरियाबंद के ग्राम पंचायत मरौदा अंतर्गत सिंचाई जलाशय काजनसरा कोकड़ी नाला जलाशय को मछली पालन के लिए 10 वर्ष के लिए पट्टे (लीज) पर दिया जायेगा। इस हेतु जनपद पंचायत गरियाबंद द्वारा 31 जुलाई 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के संबंध में जनपद पंचायत गरियाबंद एवं मत्स्य निरीक्षक गरियाबंद से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते है। मछली पालन पट्टा नियमों से संबंधित अधिक जानकारी मछली पालन विभाग गरियाबंद या जनपद पंचायत गरियाबंद से प्राप्त किया जा सकता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद ने बताया कि काजनसरा जलाशय जो कि 15.47 हेक्टेयर रकबा क्षेत्र को पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह समिति, अनुसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के मछुआ समूह एवं समितियों को प्राथमिकता में दी जायेगी। सिंचाई जलाशय में लीज की समय-सीमा 10 वर्ष की होगी तथा लीज अवधि समाप्त होने की तिथि 15 जून होगी। लीज राशि शासन के नियमानुसार तय की जायेगी। प्रारंभिक लीज राशि प्रति 2 वर्षो में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

अग्निवीरों के निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 तक आमंत्रित

गरियाबंद। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 04 दिसम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जायेगा। नि:शुल्क शारीरिक दक्षता परीक्षण प्राप्त करने के लिए सफल अभ्यर्थी अपना नाम, पता, मोबाइल नं. एवं अग्निवीर थल सेना का पंजीयन क्रमांक की जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद में 31 जुलाई तक कार्यालय में उपस्थित होकर एवं कार्यालय की ई-मेल आईडी एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज डॉट गरियाबंद एट द रेट जी मेल डाट कॉम पर दर्ज करा सकते है। ताकि शारीरिक परीक्षा की तैयारी के लिए नि:शुल्क परीक्षण प्रदान किया जा सके।

स्वच्छाग्रही महिलाओं की पहल से गांवों के कूड़ा संग्रहण से स्वच्छता में हो रहा सुधार

एमसीबी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं जिला पंचायत निदेशक नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम पंचायत परसगढ़ी, कठोतिया, हरचौका एवं लाई में स्वच्छाग्रही महिलाओं ने स्वच्छता के प्रति महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इन महिलाओं ने घर-घर जाकर कूड़ा संग्रहण और पृथक्करण का कार्य शुरू किया है, जिससे न केवल गांव की स्वच्छता में सुधार हो रहा है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है। स्वच्छाग्रही महिलाओं ने गांवों में कूड़ा संग्रहण और पृथक्करण की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू किया है। इनके इस प्रयास से गांवों में कूड़े की समस्या का समाधान हो रहा है और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को एक नई दिशा दे रही है और यह कदम समुदाय के अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित कर रही है

बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसियेशन' निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षक एवं सहायक पर्यवेक्षक किये गये नियुक्त

दंतेवाड़ा। संयुक्त जिला कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला प्रशासन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बड़े बचेली श्री विवेक चंद्रा को पर्यवेक्षक तथा तहसीलदार बड़े बचेली श्री जे.के. सोरी को पर्यवेक्षक सहायक के रूप में नियुक्त किये गये है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व संस्था द्वारा नियुक्त अधिवक्ता ही निर्वाचन अधिकारी के रूप में मतदान करवाते रहे है पर संस्था में चल रहे आंतरिक विवादों के चलते अब प्रशासनिक निगरानी और दखल से निर्वाचन किया जा रहा है। इस क्रम में वर्तमान ''बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसियेशन'' के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा बिंदुवार जारी निर्वाचन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई है इसके अन्तर्गत नामांकन फार्म कार्यालयीन समय में 500 रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन दिनांक 16 जुलाई सायं 5:30 बजे तक एवं 19 जुलाई तक दावा आपत्ति 11 बजे से 3 बजे तक किया जा सकता है। साथ ही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 जुलाई समय प्रात: 11 बजे तक किया जावेगा। नामांकन फार्म प्राप्त करने की तिथि 21 जुलाई समय प्रात: 11 बजे सायं 5 बजे तक एवं फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई समय प्रात: 11 बजे से सायं 03 बजे तक निर्धारित है। साथ ही नाम वापसी 23 जुलाई और स्क्रूटनी 23 जुलाई को किया जावेगा। मतदान तिथि दिनांक 31 जुलाई 2024 प्रात: 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होगी और उसी दिन मतगणना अपरान्ह 03 बजे से सायं 08 बजे तक किया जावेगा।

किसान तुलेचंद को उद्यानिकी फसल से मिल रहा आर्थिक लाभ

नारायणपुर। जिले के ग्राम पंचायत महिमागवाड़ी निवासी तुलेचंद पिता हिरद जाति सामान्य है, जो खेती किसानी करके अपने एवं परिवार का पालन पोषण कर जीवन यापन कर रहे थे। जब उनको उद्यानिकी विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी मिली। विभागीय योजनाओं के विस्तार से जानकारी लेने के बाद उन्होंने उद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत और विभागीय योजनाओं से मिले लाभ का नतीजा सामने आने लगा है और आज लाखों रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं। तुलेचंद ने 1 हेक्टेयर रकबा में उन्नत तकनीक से करेला, टमाटर, भिण्डी का ड्रिप के माध्यम से सिचाई एवं जैविक फसल प्रबंधन एवं उन्नत बीज का प्रयोग किया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई। किसान तुलेचंद को अब धान्य फसलों की तुलना में वर्षभर में तीन से चार गुना अधिक आय प्राप्त हो रहा है। तुलेचंद ने बताया कि वह उद्यानिकी विभाग से जुड़ने से पहले परम्परागत खेती करता था, जिससे उसे ज्यादा मुनाफा नही होता था। वर्ष 2022-23 में उसे संरक्षित खेती शेडनेट हाउस निर्माण की जानकारी मिली, जिससे उनको 50 प्रतिशत अनुदान पर 2000 वर्ग मीटर में शेडनेट हाउस प्राप्त हुआ। उन्होने बताया कि अब वह शेडनेट हाउस में टमाटर, भिण्डी एवं करेला की फसल कर रहा है, जिसमें वह अब लगभग 50 हजार रूपये से अधिक आय प्राप्त कर रहा है। तुलेचंद ने बाताया कि अब तक वह 2 लाख रूपये तक की बिक्री किया है, जिसमें तुलेचंद को शुद्ध 1 लाख 50 हजार रूपये की आमदनी प्राप्त हुआ है। तुलेचंद ने बताया कि शेडनेट हाउस की खेती से उसे अच्छी आमदनी प्राप्त हो रहा है और उनकी घर की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

डीपीएड-बीपीएड में चयन प्रक्रिया 6 से 8 अगस्त तक

रायपुर। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार डी.पी.एड. एवं बी.पी.एड. में शिक्षा सत्र 2024-25 में शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेन्ड्रा जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश संबंधी चयन 22 से 24 जुलाई तक निर्धारित की गई थी। यह चयन प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से स्थागित कर अब 6 से 8 अगस्त तक शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेन्ड्रा जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में आयोजित की जाएगी।

किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज उर्वरक का करें वितरण - कलेक्टर

अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना का दिलाये लाभ, अग्रवाल ने कृषि, बैंक, एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

गरियाबंद। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने चालू खरीफ सीजन में जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज एवं उर्वरक के भण्डारण तथा वितरण की समितिवार जानकारी ली। कलेक्टर ने समितियों के लक्ष्य अनुसार भण्डारण एवं वितरण पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों तक पर्याप्त मात्रा में इसकी पहुंच की मॉनिटरिंग भी करने के

निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कम भण्डारण एवं वितरण वाले समितियों के प्रबंधकों पर नाराजगी जताते हुए तेजी से खाद, बीज का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही जिले के विभागीय अधिकारियों को समितियों का निरीक्षण करने एवं किसानों से चर्चा कर खाद, बीज की मांग सहित वितरण की भी जानकारी लेने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के लिए कैम्प लगाकर केसीसी कार्ड बनाने के निर्देश दिये। साथ ही जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों का शत प्रतिशत केसीसी कार्ड बनाकर उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में उप संचालक कृषि चंदन रॉय, डीएमओ अमित चन्द्राकर, सहायक पंजीयक सहकारिता उषा ध्रुव सहित जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत पंजीकृत किसानों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों का ई-केवायसी के साथ भू-सीडिंग एवं आधार-सीडिंग के कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए किसान हित में गंभीरता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत पंजीयन की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को इस योजना अंतर्गत पंजीकृत कर उन्हें लाभ दिलाने के निर्देश दिये। साथ ही फसल क्षति के दौरान फसल बीमा योजना से मिलने वाली सहायता के बारे में अधिक से अधिक ऋणी एवं अऋणी किसानों को सक्रिय होकर जागरूक करने के भी निर्देश दिये।

जिला प्रशासन द्वारा दृष्टिबाधित 'पार्वती' को दिया गया मोबाईल

अब मोबाईल से सुनकर पढ़ाई करेगी ''पार्वती''

दंतेवाड़ा। ब्लॉक दन्तेवाड़ा के ग्राम मटेनार के निम्न मध्यमवर्गीय कृषक परिवार की 18 वर्षीय दृष्टिबाधित ''पार्वती'' के लिए दृष्टिहीनता पढ़ाई में कभी बाधक नहीं बना पाई शिक्षा के प्रति इसी ललक को दृष्टिगत रखते हुए प्रोत्साहन स्वरूप जिला प्रशासन द्वारा उसे आज एंड्रॉयड सेल फोन दिया गया। इस संबंध में ''पार्वती'' के बड़े भाई मनीराम ने बताया कि उसकी बहन जन्म से ही दृष्टिबाधित थी परन्तु पढ़ाई लिखाई के प्रति उसका झुकाव बचपन से ही रहा अपनी इसी इच्छाशक्ति के बल पर उसने अपनी प्राथमिक पढ़ाई ग्राम बड़े पनेड़ा से पूरा किया फिर हाई स्कूल तक की पढ़ाई के लिए उसने जावंगा स्थित सक्षम-2 में दाखिला लिया। ज्ञात हो कि एजुकेशन हब जावंगा स्थित सक्षम-2 आवासीय विद्यालय में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अध्ययन की विशेष व्यवस्था की गई है। इस तरह पार्वती पोडियाम ने यहां पर भी सफलतापूर्वक 12वीं की परीक्षा उर्त्तीर्ण की। वर्तमान में वह रायपुर स्थित डिग्री गर्ल्स कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। इस संबंध में उसके भाई का कहना था कि उक्त महाविद्यालय में इसी वर्ष ''पार्वती'' ने प्रवेश लिया है। जहां उसके ही समान दृष्टिहीन दिव्यांगों को विशेष तौर पर अध्ययन कराया जाता है। चूंकि अब आधुनिक मोबाईल या सेल फोनो दिव्यांगजनों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रकार के एप की सुविधा उपलब्ध कराया गया है जिसमें दिव्यांग छात्र-छात्राएं सुनकर ही अपने पाठ्यक्रम को भलि भांति समझ कर पढ़ाई कर सकते है और ''पार्वती'' पोडियाम ने ब्रेल लिपि के माध्यम से ही जावंगा के सक्षम-2 आवासीय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की है। परन्तु महाविद्यालय की पढ़ाई के लिए उसे एक एंड्रॉयड फोन की आवश्यकता थी। परन्तु अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते मोबाईल खरीदने में समस्या आ रही थी। इसके लिए उसे समाज कल्याण विभाग से सम्पर्क कर मोबाईल के लिए आवेदन किया जिस पर जिला प्रशासन ने त्वरित पहल करते हुए उसे मोबाईल उपलब्ध करवाया। बहरहाल मोबाईल मिलने से प्रसन्नचित ''पार्वती'' जिला प्रशासन को साधुवाद देते हुए कहती है कि अब वह निश्चित होकर अपने स्नातक की पढ़ाई पूरी कर सकेगी।

उसने आगे कहा कि भविष्य में वह शिक्षिका बनाना चाहती है ताकि उसके जैसे अन्य दिव्यांग छात्र-छात्रा शिक्षित होकर समाज में अपना स्थान बना सकें। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग से जानकारी दी गई कि विभागीय योजना के तहत अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को पूर्व में भी मोबाईल, टेबलेट भी दिये जा चुके है। कुल मिलाकर समाज कल्याण विभाग के इस संवेदनशील योजना से निश्चित ही दिव्यांगजनों का मनोबल बढ़ेगा और वे शिक्षा के प्रति प्रेरित होकर समाज के मुख्य धारा से जुड़ पायेगें।

शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और आजीविका के अवसर बढ़ाने अच्छे कार्यों के लिए मिला पुरस्कार

चांपा नगर पालिका को मिला राष्ट्रीय अवार्ड

50 हजार तक आबादी वाले सर्वश्रेष्ठ नगरीय निकायों की श्रेणी में चांपा नगर पालिका को मिला द्वितीय स्थान

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इनमें नगर पालिका परिषद चांपा को 50 हजार तक आबादी वाले सर्वश्रेष्ठ नगरीय निकायों की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया है। स्पार्क अवार्ड मिलने पर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि स्पार्क-2023-24 पुरस्कार के लिए चांपा नगरीय निकाय का नाम चयनित होना जिले के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में बेहतरीन कार्यों के



कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने दी बधाई

लिए ये पुरस्कार दिया गया है।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में जिले से सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी एवं नगर पालिका सीएमओ श्री भोला सिंह ठाकुर ने यह स्पार्क अवार्ड प्राप्त किया।

राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बेंगलुरु में

सुखदेव ने 2 स्वर्ण पदक व नोशन ने 1 कांस्य पदक जीता

महासमुंद। पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा 13 वीं नेशनल सब जूनियर एवं जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन कांतिरावा आऊटडोर स्टेडियम बेंगलुरु में 15 से 17 जुलाई 2024 तक आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य की दल से कुल 6 पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए।

राज्य दल के प्रशिक्षक व मैनेजर निरंजन साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की टीम में महासमुंद जिले से सुखदेव केंवट, नोशन लाल पटेल, दिनेश पटेल, निखिल यादव, जिला बालोद से उदयराम कुमार निषाद, सूरजपुर जिले से यशोदा राजवाड़े शामिल हुए।

जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य कुल 6 पदक जीतने में सफल रहें। महासमुंद जिले से सुखदेव ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 100 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण

पदक जीता, जिले के नोशन लाल पटेल ने 1500 मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कांस्य पदक जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन किया। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने सुखदेव एवं नोशन पटेल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विदित हो कि जिले के फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा खुर्द के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी सुखदेव केंवट और निखिल यादव का चयन हॉल ही में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) बेंगलुरू में हुआ हैं। जो जुलाई माह से आवासीय राष्ट्रीय अकादमी में प्रवेश लेकर नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिले के खिलाड़ियों को नेशनल चैंपियनशिप बेंगलुरु में पदक जीतने पर उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह, जिला खेल अधिकारी श्री मनोज धृतलहरे, सहायक संचालक शिक्षा श्री सतीश नायर, छत्तीसगढ़ पैरा एथलेटिक्स संघ के सचिव श्री डिकेश टंडन, जिला पैरा एथलेटिक्स संघ से तोरण यादव, विश्वनाथ पाणिग्रही, भेख लाल साहू, अतुल बग्गा, डॉ. विकास अग्रवाल, अध्यक्ष फॉर्च्यून फाउंडेशन निरंजन साहू एवं समस्त शाला परिवार ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक 25 को प्रकरणों की सुनवाई करेंगी

कोरिया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक 25 जुलाई 2024 को सूरजपुर, कोरिया एवं एमसीबी जिले के प्रकरणों की सुनवाई प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक कलेक्टर सभाकक्ष में होगी। जहॉ महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त प्रकरणों पर सुनवाई की जायेगी। राज्य महिला आयोग के सचिव ने बताया कि सुनवाई के दौरान सभी पक्षकार अपने निर्धारित समय में उपस्थित होगे।

लाइसेंस (लर्निंग लाइसेंस) शिविर का आयोजन आज कटेकल्याण में

दंतेवाड़ा। जिले के आम नागरिकों के सुविधा की दृष्टि से कार्यालय जनपद पंचायत कटेकल्याण में 19 जुलाई को अस्थायी लाइसेंस (लर्निंग लाइसेंस) शिविर का आयोजन प्रात: 10 बजे से 5:30 बजे तक किया जा रहा है। अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) परिवहन सुविधा केंद्र द्वारा बनाया जाएगा। इस संबंध में इच्छुक व्यक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु सेवा शुल्क 100 रुपये, परिवहन विभाग को ऑनलाइन फीस,टैक्स भुगतान करने हेतु (प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए) 50 रुपये, लर्निंग लाइसेंस हेतु शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज की स्क्रीनिंग, कम्प्रेसिंग एवं अपलोड (प्रति पेज) 5 रुपये, ऑनलाइन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेज का प्रिंट आउट शुल्क 5 रुपए, अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) हेतु प्रति वाहन शुल्क एवं निवास संबंधी प्रमाण आधार कार्ड, बिजली बिल, वोटर आईडी, पासपोर्ट शासन द्वारा जारी आईडी, 2 फोटो, लोकल पता हेतु किरायानामा, शपथ पत्र, आयु प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, 10वीं अंकसूची की छायाप्रति अनिवार्य किया गया है।

जिले के ग्राम पंचायतो में आज जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन

नारायणपुर। जिले के सम्माननीय नागरिकों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण एवं चहुमुंखी कल्याण के लिये कार्य करना प्रशासन का ध्येय है। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में लोक शिकायतों के त्वरित निराकरण, विकास कार्यों के आवश्यकतानुसार स्वीकृत करने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन साधारण को पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्तर पर हाट बाजार के दिन अलग-अलग तिथियों पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किये जायेंगे।

जिला स्तर शिविरों में जिला स्तर के अधिकारियों को शिविर में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर दिन शुक्रवार 19 जुलाई 2024 को ग्राम बिंजली में, शनिवार 27 जुलाई को ग्राम कोहकामेटा में, शुक्रवार 9 अगस्त को ग्राम बड़ेजम्हरी में, गुरूवार 22 अगस्त को ग्राम बेनूर में, शुक्रवार 23 अगस्त को ग्राम कुंदला में, बुधवार 4 सितम्बर को ग्राम रेमावण्ड में, बुधवार 11 सितम्बर को ग्राम ओरछा में, शुक्रवार 20 सितम्बर को ग्राम कुरूषनार में, बुधवार 9 अक्टूबर को ग्राम कस्तुरमेटा में, गुरूवार 24 अक्टूबर को ग्राम फरसगांव में, शनिवार 2 नवम्बर को ग्राम कोहकामेटा में, शुक्रवार 8 नवम्बर को ग्राम धौड़ाई में, गुरूवार 21 नवम्बर को ग्राम छोटेडोंगर में, गुरूवार 19 दिसम्बर को ग्राम कुंदला में, बुधवार 4 दिसम्बर को ग्राम महिमागवाड़ी में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किये जायेंगे। उपरोक्त जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर के नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नारायणपुर ओरछा एवं सहायक नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर एवं ओरछा होंगे। शिविर समाप्ति के उपरांत आवेदन पत्रों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में तत्काल इस कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

इन शिविरों में पुलिस अधीक्षक, वन मण्डलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति द्वारा अनिवार्य किया गया है। शिविर में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। शिविर आयोजन के संबंध में अपने-अपने जनपद पंचायत क्षेत्रांतर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जा कर शिविर कार्यक्रम की जानकारी आम जनता को दिये जाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला जनपद पंचायतों की होगी।

शिविर स्थल पर स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, जनपद पंचायत, शिक्षा विभाग, ग्रामोद्योग विभाग तथा अन्य विभाग, विभागीय योजनाओं की प्रर्दशनी भी लगायेंगे। शिविर स्थल पर चिकित्सकों की उपस्थिति में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जावेगा। विभागीय अधिकारी, विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों तथा शासन द्वारा संचालित विकास संबंधी एवं अन्य लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी से आम जनता को अवगत करायेंगे। लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए आम जनता को प्रोत्साहित किया जाना है। आम जनता को लाभ उठाने मे कोई कठिनाई आ रही हो तो समाधान शिविर स्थल पर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा किया जावेगा।

नारायणपुर जिले के उपरोक्त स्थल संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील होने के कारण शिविर स्थलों में पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर इन स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करेंगे। क्षेत्र के माननीय जनप्रतिनिधियों, सांसदों, मंत्रीगणों एवं विधायकों को शिविर कार्यक्रम की सूचना मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला जनपद पंचायतों द्वारा दी जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

किसानों को डीबीटी के माध्यम से ही मिलेगी बागवानी मिशन की राशि : जिपं सीईओ

जिला पंचायत मंथन कक्ष में राष्ट्रीय बागवानी मिशन की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

कोरिया। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मंथन कक्ष संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत की कृषि समिति के सभापति दृगपाल सिंह और केनापारा ग्राम पंचायत के उन्नत कृषक उपस्थित रहे। बैठक में सहायक संचालक उद्यान विनय कुमार त्रिपाठी द्वारा जिला मिशन समिति के समक्ष राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत कोरिया जिले को वर्ष 2024-25 में प्राप्त भौतिक लक्ष्यों के विषय में जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत प्रत्येक हितग्राहियों को सीधे डी बी टी के माध्यम से ही भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि शेड नेट सहित प्रत्येक विशेष महत्व के अनुदान हेतु वास्तविक हितग्राहियों को चयनित किया जाए। जिला कृषि समिति के सभापति दृगपाल सिंह ने बताया कि फल उत्पादक किसानों को बिक्री के लिए उचित माध्यम उपलब्ध कराया जाए इस पर जिला पंचायत सीईओ ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक फल उत्पादक किसानों को फल,सब्जी बेचने के लिए उचित बाजार उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना रखें ताकि किसानों को उनके उत्पाद का सर्वाधिक मूल्य प्राप्त हो सके। इस बैठक में फल क्षेत्र विस्तार, सब्जी क्षेत्र विस्तार, पुष्प क्षेत्र विस्तार, मसाला क्षेत्र विस्तार, संरक्षित खेती जैसे शेडनेट हाउस, प्लास्टिक मल्चिंग, मधुमक्खी पालन एवं प्रशिक्षण एवं भ्रमण के लक्ष्यों पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। समिति में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट जैसे पैक हाउस, कोल्ड रूम स्टेगिंग और मेला प्रदर्शनी के प्रत्येक हितग्राही का चयन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा और प्रत्येक हितग्राहियों का चयन जिला पंचायत सीईओ के अनुमोदन पश्चात किया जाएगा। इस बैठक में जिला समिति के सदस्यों के अलावा सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

5 माह से नहीं मिली थी पेंशन, कलेक्टर से लगाई गुहार, 7 दिन में खाते में आए पैसे

कलेक्टर से कर्मचारी ने मुलाकात कर दिया धन्यवाद

गोबरा नवापारा। सेवानिवृत्त कर्मचारी कपूरचंद धनगर की खुशियां तब लौट आई, जब उनके मोबाइल में एक मैसेज आया। मैसेज था उनके मोबाइल पर पेंशन की राशि बैंक खाते में आने का। दरअसल, सेवानिवृत्त होने के बाद से धनगर को पेंशन की राशि प्राप्त नहीं हो रही थी, पांच महीने तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया, लेकिन जब उन्होंने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से जनदर्शन में अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए सहायता मांगी तो कलेक्टर ने तत्काल संबंधित विभाग को निर्देशित किया और एक सप्ताह के भीतर ही समस्या का निराकरण हो गया। धनगर ने कलेक्टर डॉ. सिंह से मुलाकात कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया और जिला प्रशासन की सरहाना की। उल्लेखनीय है कि टिकरापारा निवासी कपूरचंद धनगर गोबरा नवापारा के तहसील कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत थे। 29 फरवरी 2024 को सेवानिवृत्त हो गए। इसके बाद से उन्हें पेंशन की राशि प्राप्त नहीं हो रही थी। कई बार विभागों के चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें सहायता नहीं मिली। इसके बाद वे कलेक्टर डॉ. सिंह के जनदर्शन में 8 जुलाई को पहुंचे और कलेक्टर को समस्या से अवगत कराते हुए जानकारी दी। कलेक्टर ने गंभीरता से उनकी समस्याओं को लेते हुए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अब वे समस्या का निराकरण होने से प्रसन्न है और जिला प्रशासन का भी धन्यवाद दिया।

बी.एड.प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किया गया वृक्षारोपण

नवापारा राजिम। स्थानीय सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय नवापारा राजिम के बी. एड.प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा श्रीमति सारिका साहू सहायक प्राध्यापिका के मार्गदर्शन मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुडेनी मे एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया! साथ ही पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर बुडेनी हाई स्कूल के प्राचार्य -श्री राजेश कुमार पाटकर तथा अन्य सभी शिक्षकगण उपस्थित थे. बी. एड. प्रशिक्षणार्थियों मे चंद्रहास, तुलेश्वरी, मीणा, खुमेन्द्र, डालेश्वरी, शशिकला, नंदनी ने सहायक प्रध्यापिका -श्रीमती सारिका साहू के मार्गदर्शन मे विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों रोपित करके पर्यावरण जागरूकता तथा वृक्षारोपण का सन्देश दिया.

राष्ट्रीय स्तर पर दुर्ग जिले का नाम रोशन करने वाले खेल प्रतिभाओं का पूर्व मंत्री पांडे ने सम्मान किया

भिलाई नगर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय आज हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा कल्याण कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्व. हेमचंद यादव के छायाचित्र का अनावरण किया एवं राष्ट्रीय स्तर पर दुर्ग जिले का नाम रोशन करने वाले खेल प्रतिभाओं का भी सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान श्री पाण्डेय ने भिलाई स्टील प्लांट और उसकी विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख किया। श्री पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भिलाई स्टील संयंत्र में दल्ली राजहरा के आयरन ओर को ले जाकर स्टील का उत्पादन किया जाता है, जिसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। इसके साथ ही, भिलाई में शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य हो रहा है, जहां छात्रों की प्रतिभाओं को निखारा जाता है। भिलाई में खेल और साक्षरता के क्षेत्र में भी विशेष योगदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के जमाने में खेलकूद को कम महत्व दिया जाता था, लेकिन अब खेलकूद को बहुत ही महत्व दिया जा रहा है। आज के समय में प्रोफेशनल एथलीट्स को भी उतना ही महत्व दिया जाता है जितना कि शिक्षा कोऔर प्रोफेशनल एथिक्स को समझना और उसे पालन करना बहुत आवश्यक है।

सांसद-विधायक, आईजी-एसपी ने बीजापुर में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

जगदलपुर। शहर के पुलिस लाइन में बीजापुर जिले में शहीद हुए दोनों जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस लाइन में बस्तर सांसद महेश कश्यप, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, महापौर श्रीमती सफीरा साहू, पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ के अधिकारी, शहीद के परिजन और पुलिस विभाग के अधिकारी-जवान ने पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के उपरांत शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को उपस्थित सांसद, विधायक सहित अधिकारियों ने कांधा देकर गृह ग्राम के लिए रवाना किए। ज्ञात हो कि जिला बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा के मध्य सीमावर्ती एरिया में लगातार दरभा डीवीजन, पश्चिम बस्तर डिविजन व मिलेट्री कंपनी नंबर 02 के माओवादियो की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर 16 जुलाई 2024 को संयुक्त अभियान पर उक्त जिलों से एसटीएफ, डीआरजी, कोबरा, सीआरपीएफ की टीमों को विशेष अभियान में गई थी। अभियान के दौरान 17 जुलाई के रात्रि 10 बजे थाना तर्रेम एरिया में मंडीमरका के जंगलों में आईईडी विस्फोट से एसटीएफ बल के 02 जवान आरक्षक सत्तेर सिंह निवासी ग्राम बम्हनी, बाकुलवाही जिला नारायणपुर और आरक्षक भरत लाल साहू, निवासी लक्ष्मीनगर मोवा जिला रायपुर शहीद हो गए। इसके अलावा 04 जवान प्रधान आरक्षक पुरषोत्तम नाग, आरक्षक संजय मंडावी, आरक्षक कोमल यादव, आरक्षक सियाराम शोरी घायल हो गये है। घायल जवानों का उपचार जारी है और स्थिति सामान्य है।

कोरबा में बुखार-पीलिया से हुई पहाड़ी कोरवा व एक अन्य किशोरी की मौत

स्वास्थ्य विभाग के जांच प्रतिवेतन के अनुसार क्षेत्र में हालात सामान्य

गुरमा (कोरबा)। कोरबा जिले में ग्राम गुरमा की कुमारी विमला और डूमरडीह बलीपुर कोरवा बसाहट निवासी कुमारी मंगला की हुई मृत्यु के संबंध में बुधवार को खण्ड चिकित्सा अधिकारी कोरबा एवं पीएचसी श्यांग की टीम ने अपना जांच प्रतिवेदन सीएमएचओ को प्रस्तुत किया है। जांच प्रतिवेदन के बाद सीएमएचओ कोरबा डॉ. एस एन केसरी के अनुसार प्रभावित मरीज एवं आसपास के ग्रामों का भ्रमण व निरीक्षण तथा स्वास्थ्यकर्मी एवं परिजनों से पूछताछ एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार दोनों लड़कियों की मौत बुखार और पीलिया की वजह से हुई है।

उन्होंने बताया कि 15 वर्ष की मृतिका विमला मंझवार बुखार होने के कारण आई। इनके द्वारा मितानिन या स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नहीं बताया गया तथा शाम को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, जीएमसी कोरबा लेकर जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। जीएमसी कोरबा से प्राप्त शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण एक्यूट लीवर फेल्योर विद सीवीयर जान्डिस होने की संभावना व्यक्त की गई है।

इसी तरह डूमरडीह बलीपुर कोरवा बसाहट, पंचायत लबेद की रहने वाली 12 वर्षीय मृतिका मंगला राम कोरबा 1× जुलाई को शाम लगभग 06 बजे पूर्व निवास पहाड़ के उपर से बुखार होने के कारण कोरबा पहुंची। इनके द्वारा निजी माध्यम से ईलाज करवाते हुये मितानिन कौशिल्या को सूचना दी गई। मितानिन के द्वारा अगले दिन आरडी किट से मलेरिया जांच किया गया। बीमारी के तीसरे दिन सूचना दी गयी कि मरीज बेहोश है। उसे देखने गीतकुंवारी से ममता कंवर सीएचओ, एमटी और सेक्टर से आरएमए ओ. पी. धृतलहरे पहुंचे। स्थिति गंभीर होने के कारण 108 से संपर्क किया गया और शाम लगभग 06 बजे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, जीएमसी कोरबा उपचार हेतु भेजा गया। जीएमसी कोरबा से प्राप्त शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण एक्यूट लीवर फेल्योर विद सीवीयर जान्डिस बताया गया है। सीएमएचओ से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में उक्त क्षेत्रों में सतत् निगरानी रखी जा रही है एवं स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे हैं। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने जिले के समस्त मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में सतत् दौरा करते रहें।

स्कूल निर्माण में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: कलेक्टर

कलेक्टर ने की ग्रामीण यांत्रिकी विभाग की समीक्षा

अम्बिकापुर। कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में गुरुवार को क्लेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, और आदिवासी विकास विभाग के तहत भवन निर्माण में आरईएस के कार्यों की जानकारी ली। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत आरईएस द्वारा 1036 भवनों में मरम्मत के कार्य और 40 अतिरिक्त भवन निर्माण किया गया है।

कलेक्टर भोसकर ने समीक्षा करते हुए कहा कि स्कूल भवनों का निर्माण कार्य बेहद गंभीरता से किया जाना चाहिए। उन्होंने बीते दिनों विभिन्न स्कूलों की छतों के क्षतिग्रस्त होने की खबर पर चर्चा कर नाराजगी जताते हुए आरईएस के अधिकारियों-कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न कराने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों का अन्य निर्माण एजेंसियों से भौतिक सत्यापन कराया जायेगा। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के साथ आपसी समन्वय करते हुए बीईओ और बीआरसी अपने क्षेत्र में स्कूल निर्माण कार्य पर गंभीरता से फोकस करें। बैठक में कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदाय करने की प्रक्रिया में बीईओ और बीआरसी की भी जिम्मेदारी तय की गई। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में डिस्मेंटल किए गए भवनों के मलबे को पंचायत के माध्यम से हटवाएं और परिसर को स्वच्छ बनाएं। उन्होंने सभी सब इंजीनियर को सख्त निर्देश दिए कि भवन निर्माण में छत ढलाई के काम के दौरान अनिवार्य रूप से स्वयं उपस्थित होकर काम का निरीक्षण करें और उसके फोटोग्राफ प्रस्तुत करें।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विकासखंडों के बीईओ से चर्चा कर उनके क्षेत्र में के उन स्कूल भवनों को जानकारी ली जिनमें वर्तमान में मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता है। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को सभी स्कूलों को सूचीबद्ध कर नियमानुसार एजेंसी निर्धारण करते हुए कार्य कराने के निर्देश दिए। इसी तरह बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आदिवासी विकास विभाग के तहत आरईएस से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी ली। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग डीपी नागेश, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जेआर प्रधान सहित खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

किराना दुकान से तरक्की की ओर बढ़ रही बालूद की कमला

बालूद (दंतेवाजडा)। आधुनिक युग में महिलाएं आत्मनिर्भर होकर परिवार को आर्थिक मदद भी कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार से निरंतर जोड़ा जा रहा है। दन्तेवाड़ा जिले की ग्रामीण महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) प्रयास अब सार्थक हो रहा है। कमला बैंक से ऋण लेकर किराना दुकान शुरू की और आत्मविश्वास के चलते आगे बढ़ते जा रही है। संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने अनेक योजनाएं संचालित कर रहे हैं, जिनका लाभ महिलाएं उठाकर अपने घरेलू काम-काज के अलावा स्वरोजगार से जुड़ रहीं हैं। खेती किसानी और घर गृहस्थी के काम के अलावा भी उनकी एक अलग पहचान बन गई है। यह सब महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण से ही संभव है। और इसी के बदौलत ही वे बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के खर्च

और परिवार की अन्य जरूरतें पूरा करने में हाथ बंटा रही हैं। मुख्यमंत्री साय के सुशासन में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। इस क्रम में दन्तेवाड़ा जिला मुख्यालय से 3 किमी दूरी में बसा ग्राम पंचायत बालूद में निवासरत श्रीमती कमला ठाकुर एवं उनका परिवार अपने जीवन-यापन के लिए परंपरागत खेती से ही जुड़ा हुआ था। फिर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के जरिये उन्होंने दिव्या स्व सहायता का गठन किया। इस समूह में अधिकतम सभी 10 महिलाएं निर्धन परिवार से संबंधित थी और सभी महिलाएं गृहिणी ही थी। इन महिलाओं को सी.आर.पी. दीदीयों के द्वारा बिहान योजना के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। समूह से जुड़ने के पश्चात श्रीमती कमला ठाकुर ने घर के काम एवं खेती के साथ-साथ लघु व्यवसाय करने का विचार किया। इस प्रकार कुछ नया करने की सोच के साथ उन्होंने बिहान के माध्यम से ही ग्राम संगठन के द्वारा 1 लाख 20 हजार ऋण प्राप्त कर किराना दुकान शुरू किया, जिसमें उनके परिवार ने भी उनका साथ दिया।

कलेक्टोरेट आगजनी घटना में शामिल शिक्षक मोहन बंजारे निलंबित

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार में 10 जून को संयुक्त जिला कार्यालय में हुई आगजनी घटना के अभियुक्त शिक्षक मोहन बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मोहन बंजारे व्याख्याता (एल.बी.) के रूप में शा.उ.मा.वि गोड़ा विकासखण्ड पलारी में पदस्थ थे। उनके विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध कमांक 381/2024 धारा 147, 148, 149, 294, 506, 186, 353, 332, 307, 435, 120बी, 427 भादवि सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3,4 के अन्तर्गत दिनांक 15 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर लिया गया है।

पुकलाल सिन्हा का निधन

महासमुन्द। ग्राम परसदा(खट्टी) निवासी पुकलाल सिन्हा 72 वर्षीय पूर्व मंडलेश्वर कलार समाज खल्हारी परिक्षेत्र का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे श्रीमती बिसमत बाई सिन्हा के पति एवं पूर्व जनपद सदस्य चमन सिनहा, दुर्गेश सिन्हा, यशवंत सिन्हा के पिता थे। जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम 19.07.2024 को गृह ग्राम परसदा मे सुबह 8.00 बजे किया जायेगा।

छात्रावासों-आश्रमों में निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

कोरिया। आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विभाग अंतर्गत संचालित छात्रावास आश्रमों में रहने छात्र-छात्राओं शासन की योजनाओं का बेहतर लाभ मिले इसके निरीक्षण हेतु अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

कलेक्टर लंगेह ने विकासखण्ड सोनहत के आदिवासी बालक आश्रम सिंघोर एवं आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास अकलासरई के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बैकुण्ठपुर के कार्यपालन अभियंता सी.बी. सिंह, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास सोनहत एवं एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय सोनहत (बालक छात्रावास) के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत राकेश साहू, एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय सोनहत, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास रामगढ़ एवं उज्ञांव के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बैकुण्ठपुर जितेन्द्र गुप्ता, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास, आदिवासी पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास एवं आदिवासी बालक आश्रम कटगोड़ी, के लिए समग्र शिक्षा सहायक जिला परियोजना अधिकारी, अनिल कुमार जायसवाल, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास, आदिवासी बालक आश्रम सुन्दरपुर एवं आदिवासी पोस्ट-मैट्रिक बालक छात्रावास सोनहत के लिए जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज कुमार जगत, आदिवासी बालक आश्रम रावतसरई, मझारटोला एवं आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास पुसला के लिए राजीव गॉधी शिक्षा मिशन संजय सिंह, आदिवासी बालक आश्रम भैंसवार, तेलीमुड़ा एवं लब्जी के लिए सहकारी संस्थाएँ सहायक पंजीयक विजय सिंह, आदिवासी बालक आश्रम घुघरा एवं आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास घुघरा के लिए सोनहत तहसीलदार पी.एन. कौशिक, आदिवासी बालक आश्रम बंशीपुर एवं म0प्र0 वनवासी मंडल आदिवासी बालक छात्रावास नौंगई के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बैकुण्ठपुर के कार्यपालन अभियंता आभाष कुमार सिन्हा, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास तंजारा एवं बसवाही के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सोनहत अरविन्द सिंह, अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, आदिवासी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, आदिवासी कन्या आश्रम, आदिवासी पोस्ट-मैट्रिक कन्या छात्रावास सोनहत के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विभा सिंह, आदिवासी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास एवं आदिवासी कन्या आश्रम रामगढ़ के लिए उप अभियंता कीर्ति जायसवाल, एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय सोनहत के लिए महिला एवं बाल विकास अधिकारी सोनहत श्रीमती शशि जायसवाल तथा आदिवासी पोस्ट-मैट्रिक कन्या छात्रावास, आदिवासी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास कटगोड़ी एवं आदिवासी कन्या आश्रम मेण्ड्रा के लिए जिला पंचायत के उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास एवं आदिवासी पोस्ट-मैट्रिक बालक छात्रावास बैकुण्ठपुर के लिए जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ए. टोप्पो, आदर्श बालक छात्रावास बैकुण्ठपुर के लिए पशु चिकित्सालय नगर के सहायक शल्यज्ञ नीलकांत राजवाड़े, अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास, अनुसूचित जाति पोस्ट-मैट्रिक बालक छात्रावास बैकुण्ठपुर के लिए जिला पंजीयक अधिकारी विवेक सिंह, सेंट जेवियर्स बालक छात्रावास, सेंट जेवियर्स बालक आश्रम रामपुर, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास सारा एवं आदिवासी बालक आश्रम देवानीबांध के लिए जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अलेक्जेण्डर पन्ना, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास पटना, आदिवासी बालक आश्रम मुरमा, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास कुड़ेली एंव पसला के लिए पटना तहसीलदार उमेश कुशवाहा, आदिवासी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, आदिवासी पो-मैट्रिक बालक छात्रावास एवं अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास बैकुण्ठपुर के लिए बैकुण्ठपुर तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह, आदिवासी कन्या आश्रम सारा, चिल्का, पहाड़पारा, सेंट जेवियर्स बालिका छात्रावास रामपुर एवं सेंट जेवियर्स बालिका आश्रम रामपुर के लिए डिप्टी कलेक्टर प्रियंका रानी गुप्ता, आदिवासी प्री-मैटिक कन्या छात्रावास कुड़ेली, आदिवासी कन्या आश्रम खाड़ा, बुड़ार एवं सत्तीपारा के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दीपिका नेताम तथा आदिवासी कन्या आश्रम, अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास सोरगा एवं आदिवासी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास पटना के लिए नायब तहसीलदार श्रीमती मोनल साय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर लंगेह ने समस्त नोडल अधिकारियों को वर्ष 2024-25 हेतु आबंटित छात्रावास /आश्रमों का निरीक्षण कर निर्धारित प्रपत्र में निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

आम लोगों को तगड़ा झटका

संपादकीय

खुदरा महंगाई के बाद अब थोक महंगाई ने भी आम लोगों को तगड़ा झटका दिया है। जून महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.08 फीसद पर पहुंच गई थी जो चार महीने का उच्चतम स्तर है।

अब थोक महंगाई ने भी लगातार चौथे महीने बढ़त दिखाई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदाथरे, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल तथा अन्य विर्निमित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि रही। गौरतलब है कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई मई में 2.61 फीसद के स्तर पर थी। जून, 2023 में यह शून्य से 4.18 फीसद नीचे रही थी। फरवरी, 2023 में यह 3.85 फीसद थी।खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर जून में 10.86 फीसद बढ़ी जबकि मई माह में यह 9.82 फीसद थी। सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 फीसद रही जो मई माह में 32.42 फीसद थी। प्याज की महंगाई दर 66.37 फीसद रही जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 फीसद रही। दालों में भी 21.64 फीसद की बढ़त दर्ज की गई। फलों, अनाज, दूध आदि अन्य खाद्य पदाथरे के दामों में भी बढ़त का रुझान रहा। दरअसल, जून माह में थोक दामों में बढ़ोतरी व्यापक रही। ईंधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े। बेशक, जुलाई माह में कुछ राहत मिलने के अनुमान है। अनुकूल तुलनात्मक आधार के साथ-साथ वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई माह में थोक महंगाई में दो फीसद तक नरमी आने की उम्मीद अर्थशास्त्री जतला रहे हैं। अलबत्ता, नरमी की संभावना को कच्चे तेल के दामों में अस्थिरता से झटका लग सकता है।जुलाई माह में कच्चे तेल के दामों में अस्थिरता के चलते मांग-आपूर्ति के मद्देनजर मासिक आधार पर कच्चे तेल में वृद्धि का रुझान देखने को मिला तो थोक महंगाई पर दबाव बढ़ सकता है। बेशक, थोक महंगाई में बढ़त का रुझान केंद्रीय बैंक को उतना चिंता में नहीं डालता जितना खुदरा महंगाई का रुझान।भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। लेकिन यह भी सच है कि थोक दामों का असर भी खुदरा महंगाई पर कुछ समय बाद दिखलाई पड़ने लगता है। फिर, धारणा से भी निश्चित ही आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, कर संग्रह आदि आर्थिक संकेतक मजबूत हैं, जिससे दामों के सीजनल दबावों से पार पाने में मदद मिलेगी।

एक्सरसाइज के दौरान या तुरंत बाद सिरदर्द होना गंभीर बीमारी के हैं संकेत

आजकल फिट रहना अपने आप में एक बहुत बड़ा चैलेंज है. फिट रहने के लिए एक्सरसाइज, वर्कआउट, जिम इंटेंस वर्कआउट के दौरान के कारण तेज पसीना आता है. वर्कआउट के दौरान सिरदर्द, सांस फूलना और गला सूखने जैसी समस्या होने लगती है. ऐसे कई लोग हैं जिन्हें वर्कआउट के दौरान सिरदर्द से परेशान रहते हैं. हमेशा किसी फिजिकल एक्टिविटी जैसे वॉक, जॉगिंग या एक्सरसाइज करने के बाद तुरंत सिरदर्द होने लगता है. इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं.

ऑक्सीजन की कमी: वर्कआउट करते वक्त कई बार शरीर को ठीक से ऑक्सीजन तक नहीं मिल पाती है. इस कारण ब्रेन में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है और सिरदर्द होने लगता है. जब आप इंटेंस फिजिकल एक्सरसाइज करते हैं सांस रोक कर रखते हैं. या हल्की सांस लेते हैं. इसके कारण दिमाग में ठीक से ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती है इसके कारण सिर दर्द हो सकता है. वर्कआउट के दौरान लंबी सांस लें.

बीपी का बढना: एक्सरसाइज करते समय शरीर में पानी की कमी होने लगती है. जब शरीर पूरी तरह से हाइड्रेट नहीं होती है तो कंडीशन में सिरदर्द की समस्या हो सकती है. इसलिए वर्कआउट के दौरान पसीना निकले तो लिक्विड डाइट या पानी पीते रहें. शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है. पानी की कमीः एक्सरसाइज के दौरान शरीर में पानी की कमी होने लगती है. जब शरीर में पानी की कमी होने लगती है सिरदर्द की समस्या होने लगती है. इसलिए वर्कआउट के दौरान आपको बीच-बीच में पानी पीते रहना है.

नींद पूरी न होना: नींद पूरी न होने के कंडीशन जब आप वर्कआउट करेंगे तो सिरदर्द की समस्या हो सकती है. इससे शरीर में काफी ज्यादा थकान हो सकती है. इसके कारण भी कई बार सिरदर्द की समस्या हो सकती है. अगर आप जिम में हैवी वर्कआउट करते हैं तो आपको अपना स्लीप पैटर्न सही रखना होगा.

ब्लड शुगर कम होना: जब आप हैवी वर्कआउट करते हैं तो आपके शरीर में ब्लड शुगर लेवल कम हो सकता है. वर्कआउट के दौरान ब्लड शुगर लेवल डाउन होने से हाइपोग्लाइसीमिया की बीमारी हो सकती है. जिसके कारण सिरदर्द के कारण भी हो सकता है. वर्कआउट के दौरान ब्लड सर्कुलेशन के कारण शरीर की गर्मी बढ़ जाती है. इस कारण प्यास लगती है. ऐसे में शरीर में अगर पानी की कमी होगी तो आपको सिरदर्द की समस्या हो सकती है.

नये कानून से बुजुर्ग मां-पिता की सुध लेने की सार्थक पहल

ललित गर्ग

देश में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना बढ़ती जा रही है, बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते, वे उनके जीवन-निर्वाह की जिम्मेदारी भी नहीं उठाना चाहते हैं, जिससे भारत की बुजुर्ग पीढ़ी का जीवन नरकमय बना हुआ है, वृद्धजनों की पल-पल की घुटन, तनाव, जीवन-निर्वाह करने की जटिलता एवं उपेक्षा को लेकर समय-समय पर जहां न्यायालयों ने अपनी चिन्ता जतायी है, वहीं सरकार ने कानून बनाकर बुजुर्गों को उन्नत एवं शांति देने के प्रयास किये हैं, लेकिन इसके बावजूद वृद्ध लोगों का जीवन कष्टमय एवं जटिल बना हुआ है। वृद्ध माता-पिता की देखभाल एवं भरण-पोषण की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा-भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिये बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नये कानून लाने की तैयारी में है। माता-पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश निश्चित रूप से सामाजिक एवं पारिवारिक ताने-बाने में वृद्धों को सम्मानजनक जीवन देने की सार्थक एवं सराहनीय कोशिश है। इस समय देश में करीब 10.5 करोड़ बुजुर्ग लोग हैं और 2050 तक इनकी संख्या 32.4 करोड़ तक पहुंच जाएगी। भारत सहित 64 ऐसे देश होंगे जहाँ 30 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष से अधिक उम्र की होगी। एकल परिवार के दौर में बुजुर्गों की देखभाल और भरण पोषण एक बड़ी समस्या के तौर पर उभर रही है ऐसे में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुजुर्गों की देखभाल के लिये मेंटिनेंस ऐंड वेलफेयर ऑफ पैरंट्स ऐंड सीनियर सिटिजन ऐक्ट 2007 में संशोधन की पहल की है, नये बिल के मुताबिक अब घर के बुजुर्गों की जिम्मेदारी सिर्फ बेटे ही नहीं, बल्कि बहू-दामाद, गोद लिए गए बच्चे, सौतेले बेटे और बेटियों की भी होगी। बिल लाने का मकसद बुजुर्गों का सम्मान सुनिश्चित करना है। पहले वृद्ध माता-पिता अपनी संतानों से दस हजार रुपये तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। बताया जा रहा है कि नये विधेयक के अनुसार अब माता-पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता-पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की भी तैयारी है। ऐसा सामाजिक संगठनों से विमर्श के बाद किया गया है। क्योंकि लंबी सजा से माता-पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं।

भारतीय संस्कृति एवं सभी धार्मिक ग्रंथों में माता पिता को भगवान का रूप माना गया है और उनकी निःस्वार्थ सेवा करने की बात कही गयी है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग अपने बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करना तो दूर उल्टा उन्हें परेशान करते रहते हैं। इसलिये विभिन्न राज्यों की सरकारें बुजुर्ग आत्म-सम्मान के लिये नये कानून बना रही है। उत्तरप्रदेश में योगी सरकार अब बुजुर्ग मां-बाप की संपत्ति हड़प कर उन्हें बेदखल करने वाले बच्चों के खिलाफ सख्त कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत माता-पिता की संपत्ति हड़प कर उन्हें घर से बाहर निकलने वाले बेटे-बेटियों की खैर नहीं होगी। कुछ दूसरी तरह से असम सरकार ने वृद्धों की उपेक्षा पर विराम लगाने की दृष्टि से ही राज्य कमर्चारियों के लिए नवंबर में दो विशेष अवकाश शुरू किए हैं, ताकि वे अपने माता-पिता या सास-ससुर के साथ समय बिता सकें। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी घोषणा में परिवार के महत्व पर जोर दिया। 6 और 8 नवंबर को मिलने वाली ये विशेष छुट्टियां कमर्चारियों को उनके बुजुर्ग माता-पिता या सास-ससुर से जुड़ने के लिए हैं। इसका उद्देश्य परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के प्रति सम्मान और देखभाल दिखाना है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी घोषणा में परिवार के महत्व पर जोर देते हुए कहा है कि ह्यमाता-पिता का आशीर्वाद हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। एक आदर्श नागरिक के रूप में, अपने माता-पिता की भलाई सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। असम सरकार ने पूर्व में राज्य विधानसभा ने असम कमर्चारी माता-पिता जिम्मेदारी एवं जवाबेदही तथा निगरानी नियम विधेयक, 2017 या प्रणाम विधेयक भी पारित कर चुकी है। इसका मकसद यह सुनिश्चत करना है कि राज्य सरकार के कमर्चारी अपने वृद्ध हो रहे माता-पिता या शारीरिक रूप से अशक्त भाई-बहन की देखभाल करें नहीं तो उनके वेतन से पैसे काट लिए जाएंगे। पूरे देशभर के लोग इस कानून को असम सरकार का एक अच्छा कदम बताया। नियमों के तहत अगर कोई व्यक्ति (सरकारी कमर्चारी) उसपर निर्भर माता-पिता की देखभाल नहीं करता तो उसके कुल वेतन का 10 प्रतिशत हिस्सा काट लिया जाएगा और वह राशि माता-पिता के खाते में डाल दी जाएगी। दिव्यांग (शारीरिक रूप से अशक्त) भाई-बहन होने की स्थिति में वेतन से 15 प्रतिशत तक हिस्सा काट लिया जाएगा। अब केन्द्र सरकार द्वारा 2007 के कानून में बदलाव लाकर, नये विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिये विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था। कालांतर 17वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के कारण विधेयक निष्प्रभावी हो गया था। जिसके बाद अब सरकार नये सिरे से इस विधेयक को संसद में लाने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में कई नये प्रावधानों को जोड़ा गया है। विधेयक में प्रत्येक जिले में बुजुर्गों की गणना, मेडिकल सुविधाओं से लैस वृद्ध आश्रम व जिला स्तर पर एक सेल गठित करने जैसे प्रावधान हैं।

संतान द्वारा बुजुर्गों की आवश्यकताओं को पूरा न करना गरिमा के साथ स्वतंत्र जीवन जीने जैसे मानवाधिकारों का हनन है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने की दृष्टि से नया कानून प्रभावी कदम है, इससे बच्चों की अपने माता-पिता की उपेक्षा पर विराम लग सकेगा। सभी के लिये बुजुर्ग पीढ़ी के लिए सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी ही चाहिए। हम एक ऐसी दुनिया बनाएं जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सके। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वतर्मान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है, यह आदर्श-शासन व्यवस्था के लिये भी शर्म का विषय है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलाने के लिये नये कानून बनाने के साथ उसे सख्ती से लागू करने की भी अपेक्षा है।

डिजिटल मोड जनता की पहली पसंद

अमित भनोट

आज हम एक ऐसे देश में रह रहे हैं जहां चाय, ब्रेड, दूध आदि जैसे रोजमर्रा के खचरे और खरीदारी के लिए डिजिटल मोड जनता की पहली पसंद बन चुका है।

अमेजॉन के एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि ऑनलाइन खरीदारी के लिए जहां 90 प्रतिशत भुगतान डिजिटली किया जा रहा है वहीं स्टोर्स में भी डिजिटल भुगतान 50 प्रतिशत जनता की पहली पसंद बन गया है।

देश में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर पहलू को न सिर्फ छुआ है, बल्कि बदल कर रख दिया है। ऐसे में जब हम ऐसी खबरें सुनते हैं कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा परिषदीय स्कूलों में लागू की गई डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था का प्रदेश के शिक्षकों द्वारा यह कहते हुए विरोध हो रहा है कि यह 'अव्यावहारिक' है, तो निश्चिय ही आश्चर्य होता है। कोई बड़ी बात नहीं कि विरोध कर रहे शिक्षकों के मोबाइल में भुगतान करने के लिए 'भीम एप', मनोरंजन के लिए ओटीटी ऐप, खाना ऑर्डर करने के लिए 'डिलीवरी एप', खरीदारी के लिए भी विभिन्न ऐप पहले से ही मौजूद हों। ऐसे में सिर्फ डिजिटल अटेंडेंस का विरोध करना खुद ही व्यावहारिक नहीं लगता। योगी सरकार ने 8 जुलाई से सभी परिषदीय स्कूलों में मौजूद सभी 12 रजिस्टरों को डिजिटल करने का फैसला लिया है, और सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इसे सख्ती से लागू करवाने का निर्देश दिया है।

इन्हीं रजिस्टरों में शिक्षकों की अटेंडेंस का रजिस्टर भी शामिल है, जिसमें फेस रिकग्निशन के जरिए स्कूल परिसर में ही स्कूल खुलने और बंद होने के 15 मिनट पहले और बाद में हर शिक्षक को अपनी उपस्थिति टैब के जरिए डिजिटली दर्ज करानी है।

नई व्यवस्था के विरोध को देखते हुए प्रदेश सरकार ने इसमें 30 मिनट का ग्रेस टाइम भी दे दिया है। इसी व्यवस्था का विरोध यह कहते हुए हो रहा है कि इसमें व्यावहारिक दिक्कतें हैं, वहीं बरसात में मौसम और आकस्मिक स्थिति में शिक्षक द्वारा इस व्यवस्था का अनुसरण करना संभव नहीं होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह विरोध सिर्फ इसलिए है कि इसमें कुछ दिक्कतें आएंगी या फिर किसी और चीज की पर्दादारी है। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। एक ओर तो प्रदेश के 133035 प्राथमिक, कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी हमेशा ही बनी रहती है वहीं जो शिक्षक हैं भी, उनमें से कई, स्कूलों में नहीं आते हैं, या सिर्फ एक बार रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज कर, निकल लेने की फिराक में रहते हैं।

राज्य के शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2022-23 में प्रदेश में कुल 453594 शिक्षक थे जबकि 126028 पद रिक्त हैं, ऐसे में यदि मौजूद शिक्षक भी विद्यालय न आएं तो शिक्षा की स्थिति समझी जा सकती है। यह सीधे-सीधे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यदि हमें प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करनी है तो सरकार को व्यवस्था में अमूलचूल परिवर्तन करने होंगे। डिजिटल रजिस्टर उसी दिशा में उठाया गया कदम जान पड़ता है। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों के उपयोग के लिए 2,09,863 टेबलेट्स उपलब्ध कराए गए हैं। परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए टेबलेट उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया जारी है।

निर्देशों के अनुसार समस्त अध्यापक 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक आगमन उपस्थिति प्रातः 7.45 से 8 बजे तक और प्रस्थान दोपहर 2.15 से 2.30 बजे तक लगाएंगे। एक अक्टूबर से 31 मार्च तक आगमन उपस्थिति सुबह 8.45 बजे से सुबह नौ बजे तक और प्रस्थान उपस्थिति 3.15 बजे से 3.30 बजे तक दर्ज कर सकेंगे। एक प्रश्न हमें और शिक्षकों को खुद से भी पूछना चाहिए। यदि पुरानी फिजिकल रजिस्टर वाली व्यवस्था दुरुस्त थी तो प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा की स्थिति ऐसी क्यों है? 2023-24 में 2022-23 की तुलना में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों में छात्रों की संख्या में 24 लाख से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, जो चौंकाने वाला आंकड़ा है।

2023-24 में इन स्कूलों में छात्रों की संख्या 16784645 थी जो पिछली बार से 24 लाख कम है। यह तब है जब कोरोना काल में घटती आमदनी के चलते सरकारी स्कूलों में छात्रों का पंजीकरण खासा बढ़ा था। घटती संख्या के पीछे मुख्य कारण यह भी है कि शिक्षक पढ़ाने आते ही नहीं। ऐसे में डिजिटल अटेंडेंस की व्यवस्था इसमें अपेक्षित सुधार ला सकती है। डिजिटल व्यवस्था के विरोध में एक बात और कही जा रही है कि यह ऐप कई बार शिक्षक की लोकेशन स्कूल से अलग कहीं और दिखाता है। डिजिटल दुनिया में शुरुआती समय में कई बार ऐसा होता है लेकिन यह कमी किसी भी ऐप में समय के साथ ठीक की जा सकती है, लेकिन इसके लिए पूरी व्यवस्था को अव्यावहारिक कह कर नकार देना कतई सही नहीं है। सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दोनों स्तरों में लगातार सुधार जारी हैं, वहीं जरूरत के अनुसार नियमों में रियायतें भी दी जा रही हैं। आधे घंटे का 'ग्रेस' इसी दिशा में उठाया गया कदम है।

अगर समग्र रूप से देखें तो किसी भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था सीधे हमारे मानव संसाधन के भविष्य से जुड़ाव रखती है, और समय के साथ इसमें बदलाव विकसित भारत के सपने को साकार करने में अहम है। यदि प्रदेश का शिक्षा तंत्र और शिक्षक अपने ध्येय का बखूबी पालन करते हैं, तो इसका सकारात्मक असर सीधे प्रदेश की प्रोडक्टिविटी पर तो होगा ही, वहीं हम बेहतर नागरिकों का निर्माण भी करेंगे। इसे देखते हुए एक समाज के तौर पर हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था को पूरी गंभीरता से लेना चालिए। हमें ऐसे शिक्षा के मंदिरों का निर्माण करना है जहां स्कूल में हमारे बच्चों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं हों, शौचालयों की व्यवस्था हो, मिड डे मील के रूप में भोजन की उचित व्यवस्था हो, पक्का स्कूल हो, बैठने के लिए डेस्क हो, कॉपी-किताबें हों और सबसे महत्त्वपूर्ण उचित संख्या में शिक्षक हों, जो विद्यालय में समय से आएं और बच्चों को शिक्षित कर विकसित भारत का निर्माण करने में सहयोग करें जिसके लिए डिजिटल प्रक्रिया क्रांतिकारी कदम है। सभी शिक्षकों को आगे आकर डिजिटल प्रक्रिया का स्वागत करना चाहिए, वहीं प्रदेश सरकार को भी चाहिए कि शिक्षकों की मांग पर ध्यान दे और इस ऐप में सभी व्यावहारिक स्थितियों जैसे कनेक्टिविटी, टैगिंग, जीपीएस लोकेशन संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए जरूरी बदलाव लगातार करे।

सबसे बड़ा पाप गद्दारी

शकील अख्तर

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने बहुत बड़ी बात कह दी। सब धर्माचार्यों को इस तरह सच बोलने का साहस दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिदू धर्म में पाप पुण्य का कॉन्सेप्ट है। और इसमें सबसे बड़ा पाप विश्वासघात है। बहुत सही बात। सभी धर्मों में अलग अलग शब्दों में यही कहा गया है। अहसान फरामोशी, अमानत में खयानत इस्लाम में बहुत बुरा माना गया है। शेक्सपियर का यह वाक्य तो दुनिया में सबसे ज्यादा दोहराया जाने वाला है यू टू ब्रूटस! तुम भी! ईसाइयों में ईसा मसीह को धोखा देने वाले यहूदा को कभी माफ नहीं किया। पूरा मानव इतिहास भरा पड़ा है इस एक बुराई पाप की निंदा में। सेना में सुरक्षा बलों में सबसे ज्यादा गंभीर अपराध डबल क्रॉस को माना जाता है। दोनों तरफ के अधिकारी इसे कभी माफ नहीं करते हैं। अगर आप चाहें तो एक सच्ची घटना सुनाएं। जम्मू कश्मीर के कुछ पत्रकार दोस्तों को मालूम है। मिलिटेंसी में पत्रकारों की भी मशरूम ग्रोथ होती है। अखबारों को जरूरत होती है तो वह किसी भी स्थानीय आदमी को रख लेते हैं। जरूरी नहीं कि उन्हें लिखना पढ़ना भी आता हो।

एक नाम बाईलाइन में डालकर वे यह बताते थे कि हमारा संवाददाता भी फील्ड में है। उसे पहचान पत्र दे देते थे। और वह सब जगह घूमना शुरू कर देता था। कुछ खबर बताना हो तो फोन पर बोलकर बता देता था। तो ऐसे तमाम लोग आतंकवाद ग्रस्त क्षेत्रों में पत्रकार बन जाते थे। पंजाब में बने। जम्मू कश्मीर में। ज्यादातर तो अख़बार में नाम छपने और अधिकारियों से संपर्क बनाने में खुश रहते थे। मगर सुरक्षा एजेंसियां इन पर कड़ी नजर रखती थीं। इनसे सूचना लेने का काम भी करती थीं। लेकिन जैसा विश्वास वे प्रोफेशनल पत्रकारों पर करती थीं वैसा नहीं।

तो हां हम आपको जो बात बता रहे थे वह यह कि ऐसे ही एक बड़े हिंदी अख़बार के संवाददाता पर एक सुरक्षा बल को संदेह था। एक बार ज्यादा नाराज हो गए। सीमावर्ती इलाके का टूर था। सेना और अन्य सुरक्षा बल करवाते रहते थे। नियत्रंण रेखा पर थोड़ा सा पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में भी घुमा लाते थे। उस दिन केवल एक पत्रकार को उस तरफ ले जा रहे थे। सुरक्षा बल के सभी बड़े अधिकारी उन दिनों दोस्त थे। काम की कद्र करते थे। तो थोड़ा अजीब लगा। उनसे पूछा। तो जो जवाब मिला वह दिल दहला देने वाला था। उन्हें उसके डबल एजेंट होने पर कुछ सबूत मिले थे। यह तो हम सहित दूसरे कुछ पत्रकारों को मालूम था कि उस पर निगाह है। और सुरक्षा बल उससे कुछ काम भी करवाते हैं। उसके उधर होने पर भी कुछ लोगों को संदेह था। जम्मू का स्थानीय निवासी था। पहले कभी पत्रकार नहीं रहा था। सीधा उस अख़बार ने आई कार्ड दे दिया था। उस दिन अफसर उसे उस तरफ ले जाकर कुछ करना चाह रहे थे। वहां अपने काउंटर पार्ट से भी उनकी कोई बात हुई थी। और शायद वे भी डबल क्रॉस को जान गए थे।

आप जिस टूर पर हों और वहां कुछ हो जाए। बहुत ही शॉक पहुंचाने वाली बात होती है। बड़ी मुश्किल से अपने अफसरों को समझाया। उन्होंने माफ किया। बड़ी बात थी। नहीं तो उनका कहना था कि एक बार हम उस तरफ से गोली चलाने वाले को छोड़ दें मगर डबल क्रॉस करने वाले को कभी नहीं। और हम ही नहीं वह भी नहीं। यहां बात को समझने के लिए यह बता दें कि सीमा पर दोनों देशों के सुरक्षा बल भी कुछ कुछ मामलों में जैसे डबल क्रॉस, स्मगलिंग पर सूचनाओं का आदान प्रदान करते रहते हैं।

तो सेना सुरक्षा बल से लेकर हर धर्म, मानवता सब जगह अंग्रेजी में बिट्रे, हिंदी में विश्वासघात उर्दू में गद्दारी बहुत बुरी बात नाकाबिले माफी मानी जाती है। शंकराचार्य ने इस पाप को महापाप बताकर धर्म और इतिहास की कई यादें दिला दी हैं। विभीषण राम का साथ देने के बावजूद आज भी खलनायक ही हैं। धर्माचार्यों का काम ही यह होता है कि वे आम धारणाओं, सामान्य सिद्धांतों से उपर उठकर नई स्थापना दें।

अविमुक्तेश्वरानंद इससे पहले भी बहुत बड़ी बात कह चुके हैं। जब उनसे एक प्रमुख एजेंसी के पत्रकार ने झूठ बोलता हुआ सवाल पूछा कि राहुल गांधी ने यह कहा है। शंकराचार्य जी ने कहा कि कौआ कान ले गया सुनकर पहले अपना कान देखो। कौए के पीछे मत भागो। हमने पूरा वीडियो मंगाकर देखा। राहुल ने वह बात कहीं कही नहीं है जो तुम कह रहे हो। राहुल गांधी ने कहीं हिंदू को हिसंक नहीं कहा। राहुल उन लोगों को कह रहे हैं जो नफरत फैलाते हैं। और राहुल ने नाम लेकर लोकसभा में साफ कहा कि बीजेपी आरएसएस और मोदी सरकार नफरत और हिंसा फैलाते हैं।

शंकराचार्य ने सारे झूठ का पर्दाफाश कर दिया। हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख सबके धर्माचार्यों को इसी तरह सच बोलने से परहेज नहीं करना चाहिए। कभी कभी अप्रिय सत्य भी होता है। मगर बाद में उस धर्म के मानने वालों के लिए लाभदायक होता है।

आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपके चारों ओर का वातावरण सुखमय व खुशनुमा बना रहेगा। अगर घर में कोई सुधार संबंधी योजना बन रही है, तो वास्तु संबंधी नियमों का पालन करना आपके लिए लाभदायक रहेगा। आप अपने कार्यों को जितनी तन्मयता और मेहनत से करेंगे, उसी के अनुरूप उचित परिणाम भी हासिल होंगे। छात्र किसी खास मामले में एकांत और शांति से विचार करेंगे, तो सब ठीक हो जायेगा।

वृष राशिःआज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज व्यक्तिगत मामलों को लेकर कुछ प्लानिंग होगी, साथ ही अनुभवी लोगों के सानिध्य में आपको सकारात्मक अनुभव मिलेंगे। छात्रों को किसी काम में की गई मेहनत के उत्तम परिणाम मिलेंगे। पारिवारिक और व्यक्तिगत गतिविधियों में उचित सामंजस बनाकर रखने में कामयाब रहेंगे। जीवनसाथी से कोई बहुमूल्य उपहार मिलने से प्रसन्नता रहेगी।

मिथुन राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज सकारात्मक रहने से आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी राजनैतिक अथवा प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। काम का बोझ अधिक रहेगा, परंतु उसके उचित परिणाम मिलने से आप थकान भूल जाएंगे। लवमेट के रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

कर्क राशिःआज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने की बजाय अपने कामों पर ही ध्यान देंगे। बाहरी गतिविधियों में ज्यादा आवाजाही से परहेज करेंगे तो बेवजह आपका समय ख़राब नही होगा। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। माता आज अपने बच्चो को कुछ मीठा बना के खिला सकती हैं।

सिंह राशिःआज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या रखने से हर काम समय पर होगा इससे आप अन्य गतिविधियों की तरफ भी ध्यान देने में सफल होंगे, साथ ही आप खुद को ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। घर की सुख सुविधाओं संबंधी कामों में भी आपका महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आज धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी रूचि रहेगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान रहेगा, जिससे पहचान का दायरा बढ़ेगा, व्यवहारिक सोच रखने से अपनी कार्यकुशलता में निखार आयेगा। परिवार तथा सगे संबंधियों के लिए भी आप उचित समय निकाल लेंगे। परिवार में धार्मिक आयोजन की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। खेलकूद से जुड़े लोगों को लाभदायक अवसर प्राप्त होंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज प्रॉपर्टी अथवा वाहन की खरीदारी से संबंधित कुछ योजनाएं बनायेंगे। कुछ समय आध्यात्मिक कार्यों में बिताएंगे, इससे आत्म बल और सुकून बना रहेगा। आज आपके ससुराल पक्ष से कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

वृश्चिक राशिःआज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ द

कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 में कैमियो भूमिका निभाएंगे

अनीस बज्मी की हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया पहले से ही काफी चर्चा बटोर रही है। इस फिल्म में आपको कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी नजर आएंगे। इसी बीच इस फिल्म को लेकर एक और दिलचस्प खबर आ रही है.

खबर है कि फवाद खान कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 में कैमियो रोल निभा सकते हैं। पाकिस्तानी हार्टथ्रोब फवाद खान के चाहने वालों की लिस्ट काफी लंबी है। ऐसे में अगर ऐसा होता है तो ये वाकई उनके भारतीय फैंस के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी होगी. कुछ दिन पहले ही खबर आई थी कि फवाद खान जल्द ही वाणी कपूर के साथ एक फिल्म में अभिनय करेंगे।

हालांकि, जब प्रोड्यूसर भूषण कुमार से इस बात की पुष्टि करने के लिए कहा गया तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। भूषण कुमार ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा कि ये खबर पूरी तरह से झूठी है. ये सही नहीं है।

आपको बता दें कि कार्तिक आर्यन ने ओरछा में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. एक्टर पहले से ही वहां की कई खबरें सोशल नेटवर्क पर शेयर कर रहे हैं. खाने की बातचीत के दौरान कार्तिक ने कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इस बीच कुछ फैंस ने उन्हें इसके साथ तस्वीरें लेते हुए भी देखा.

कार्तिक और तृप्ति के अलावा, विद्या बालन फिल्म के तीसरे इंस्टॉलेशन के लिए वापसी करेंगी। इस फिल्म के पहले पार्ट में विद्या नजर आई थीं.

अल्लू अर्जुन के फैन्स को हुई बड़ी टेंशन, बोले- फिर टलने वाली है पुष्पा 2: द रूल

एक वक्त था जब अल्लू अर्जुन हर साल नया लुक रखा करते थे. कभी-कभी तो अपनी फिल्मों की वजह से वो साल भर में दो नए लुक में भी नजर आ जाते थे. लुक्स के साथ उनका ये एक्सपेरिमेंट उन वजहों में से एक है जिसकी वजह से उन्हें 'स्टाइलिश स्टार' का टाइटल मिला.

हालांकि, जबसे अल्लू अर्जुन ने डायरेक्टर सुकुमार की फिल्म 'पुष्पा' पर काम शुरू किया है, तब से उनका लुक ऑलमोस्ट एक ही जैसा रहा है. अल्लू अर्जुन का एक बाल भी इधर से उधर हो जाना, उन फैन्स के बीच टेंशन की वजह बन जाता है जो 2021 से ही उन्हें 'पुष्पा 2' के साथ स्क्रीन पर फिर से देखने के लिए बेताब हैं.

एक्टर्स जब छुट्टियां मनाने निकलते हैं तो उनकी झलक देखकर अक्सर फैन्स खुश ही होते हैं. मगर हाल ही में वेकेशन पर निकल रहे अल्लू अर्जुन को देखकर उनके फैन्स की टेंशन बढ़ गई. रिपोर्ट्स बताती हैं कि अर्जुन हैदराबाद से दोहा जा रहे थे और उनकी दाढ़ी बहुत थोड़ी सी ट्रिम नजर आई.

2020 से अपने 'पुष्प राज' लुक को मेंटेन कर रहे अर्जुन ने बालों और दाढ़ी में कोई बदलाव नहीं किया है. ऐसे में उनकी ट्रिम दाढ़ी देखकर फैन्स टेंशन में आ गए कि उनकी फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' अब कहीं और लेट तो नहीं होने वाली?!



फ्लाइट से 'पुष्पा' स्टार का वीडियो शेयर करने वाले यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'क्या वो (मेकर्स) इस दाढ़ी के साथ काम चला लेंगे?' वीडियो पर कमेंट करते हुए यूजर ने लिखा, 'दाढ़ी बढ़ाने में एक महीना लगेगा. एक महीने का शूट पेंडिंग है. प्लस पोस्ट प्रोडक्शन, प्रमोशंस...फिल्म फिर से टलने वाली है!'

2025 में रिलीज होगी 'पुष्पा 2'?

अल्लू अर्जुन की ट्रिम हुई दाढ़ी से शुरू हुई इस टेंशन में, कुछ लोगों ने तो फिल्म की नई रिलीज डेट भी निकाल डाली. कई यूजर ने कहा कि 'पुष्पा 2' को 2025 की गर्मियों में रिलीज करना सही रहेगा. एक यूजर ने बड़ी उम्मीद लगाते हुए लिखा, 'शायद उन्होंने फिल्म की एंडिंग और 'पुष्पा 3' सेट करने के लिए लुक बदला हो.'

'पुष्पा 2' की टीम की तरफ से कोई नया अपडेट सामने न आने की वजह से और अल्लू अर्जुन-डायरेक्टर सुकुमार के बीच पंगे की अफवाहों से जनता टेंशन में आने लगी. लेकिन अब टीम ने भी कन्फर्म कर दिया है कि फिल्म और नहीं टलने वाली.

अल्लू अर्जुन की ट्रिम दाढ़ी वाले वीडियो के बारे में हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए उनकी टीम ने कहा, 'हां, ये वीडियो हाल ही का है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है. उनके लंबे बाल और दाढ़ी अभी भी हैं; उन्होंने बाद में ग्रूमिंग ज्यादा अच्छी की है. लोग भूल जाते हैं कि 'पुष्पा 2: द रूल' में वो एक दिहाड़ी मजदूर से स्मगलर और फिर डॉन बनने वाले हैं. वो 'पुष्पा: द राइज' की तरह बेतरतीब और कम साफ सुथरे नहीं लग सकते. अब फिल्म को 6 दिसंबर से आगे टालने का कोई प्लान नहीं है.

सना मकबूल को रणवीर शौरी पर आया गुस्सा

बिग बॉस ओटीटी हाउस का मतलब है ढेर सारा झगड़ा और ड्रामा। इस टीवी शो की शुरुआत से ही लगातार इस शो से जुड़े विवादों की खबरें आती रही हैं. पिछले एपिसोड में सना मकबूल और रणवीर शौरी के बीच लड़ाई हुई थी. बहस के दौरान सना को गुस्सा आ जाता है और रणवीर शेरी को चिढ़ाने लगते हैं. दरअसल, मिशन के दौरान विशाल पांडे को सना की जगह लेते देखा गया था। उनका कहना है कि सना को फिर से परिवार का मुखिया बनना चाहिए.

रणवीर शौरी इससे सहमत नहीं हैं और कहते हैं कि सना के पास अभी समय है। सना को रणवीर का ये लहजा पसंद नहीं आता. लेकिन रणवीर उन्हें इससे दूर रहने के लिए कहते हैं।

इस बीच दोनों के बीच लड़ाई और भी तेज हो जाती है. सना रणवीर से कहती है कि या तो वह उसके घर जाएगा या पागलों की तरह खाना खाएगा।

पेरेंट्स बने ऋचा चड्ढा और अली फजल, एक्ट्रेस ने बेबी गर्ल को दिया जन्म

मुंबईः बॉलीवुड कपल ऋचा चड्ढा और अली फजल पेरेंट्स बन गए हैं। ऋचा ने बेबी गर्ल को जन्म दिया है। कपल ने एक बयान में बताया कि 16 जुलाई को उनके परिवार में 'हेल्दी बेबी गर्ल' आई है।

कपल ने कहा, ''हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि 16 जुलाई 2024 को हमारे यहां हेल्दी बेबी गर्ल का जन्म हुआ है। हमारा पूरा परिवार बहुत खुश है। हम अपने शुभचिंतकों का उनके प्यार तथा आशीर्वाद के लिए शुक्रिया अदा करते हैं।''

इसी साल फरवरी में ऋचा चड्ढा और अली फजल ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज दी थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा था : '1+1=3' एक छोटी सी धड़कन दुनिया की सबसे तेज साउंड है। दोनों की मुलाकात साल 2012 में फिल्म 'फुकरे' के सेट पर हुई थी। इस दौरान दोनों की दोस्ती हुई, जो गहरी होती-होती प्यार में बदल गई। एक इंटरव्यू में ऋचा ने बताया था कि पहले प्यार का इजहार उन्होंने ही किया था और अली ने तीन महीने के बाद 'हां' में जवाब दिया था। दोनों ने लंबे वक्त तक अपने रिश्ते को राज रखा था। मालदीव ट्रिप के दौरान अली ने ऋचा को शादी के लिए प्रपोज किया था। दोनों ने 2020 में कोरोना लॉकडाउन के दौरान कोर्ट मैरिज की, और 4 अक्टूबर 2022 को रीति-रिवाजों के अनुसार धूमधाम से लखनऊ में शादी की।

सेलेना गोमेज़ ने 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' के लिए पहला एक्टिंग एमी नामांकन प्राप्त किया

सेलेना गोमेज़ ने हुलु के 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' में अपनी भूमिका के लिए Comedy Series में सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री के लिए अपना पहला एमी नामांकन प्राप्त किया है। यह नामांकन गोमेज़ के अभिनय करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसे पहले मुख्य रूप से उसी सीरीज़ में एक कार्यकारी निर्माता के रूप में उनके योगदान के लिए पहचाना जाता था, द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार।

गोमेज़ एक प्रतिस्पर्धी श्रेणी में शामिल हो गई हैं जिसमें 'एबॉट एलिमेंट्री' से क्विंटा ब्रूनसन, 'द बियर' से आयो एडेबिरी, 'लूट' से माया रूडोल्फ, 'हैक्स' से जीन स्मार्ट और 'पाम रॉयल' से क्रिस्टन विग शामिल हैं। उनका नामांकन हिट कॉमेडी-मिस्ट्री सीरीज़ में उनके किरदार के लिए मिली प्रशंसा को दर्शाता है।

गोमेज़ द्वारा स्टीव मार्टिन और मार्टिन शॉर्ट के साथ सह-निर्मित 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' को अन्य श्रेणियों में भी प्रशंसा मिली, जिसमें 2024 के एमी में कुल 21 नामांकन थे। हास्य और रहस्य के चतुर मिश्रण के लिए जानी जाने वाली इस सीरीज़ की इसकी आकर्षक कहानी और इसके कलाकारों के बीच की केमिस्ट्री के लिए प्रशंसा की गई है।

गोमेज़ के नामांकन के अलावा, इस सीरीज़ को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी सीरीज़ के लिए नामांकित किया गया है, जिसका मुकाबला 'एबॉट एलिमेंट्री', 'द बियर', 'कर्ब योर एन्थूसियाज़्म', 'हैक्स', 'पाम रॉयल', 'रिजर्वेशन डॉग्स' और 'व्हाट वी डू इन द शैडोज़' जैसे अन्य प्रशंसित शो से है।

यह इस प्रतिष्ठित श्रेणी में 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' का तीसरा नामांकन है। गोमेज़ के सह-कलाकार, स्टीव मार्टिन और मार्टिन शॉर्ट को भी कॉमेडी सीरीज़ में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए नामांकन मिला है, जो शो के दमदार प्रदर्शन को दर्शाता है। उनके साथ 'व्हाट वी डू इन द शैडोज़' से मैट बेरी, 'कर्ब योर एन्थूसियाज़्म' से लैरी डेविड, 'द बियर' से जेरेमी एलन व्हाइट और 'रिजर्वेशन डॉग्स' से डी'फ़राओ वून-ए-ताई शामिल हैं।

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, 2024 एमी समारोह का सीधा प्रसारण लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर से रविवार, 15 सितंबर को किया जाएगा, जिसमें एबीसी इस कार्यक्रम को 8:00-11:00 बजे ईटी/5:00-8:00 बजे पीटी तक प्रसारित करेगा। यह समारोह अगले दिन हुलु पर स्ट्रीमिंग के लिए भी उपलब्ध होगा, जिसमें उद्योग में उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए टेलीविजन की बेहतरीन प्रतिभाएँ एक साथ आएंगी।

श्रद्धा कपूर ने राहुल मोदी के साथ शादी की अफवाहों पर किया जवाब



मुंबई। 18 जुलाई को मुंबई में स्त्री 2 के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर श्रद्धा कपूर ने अपने बॉयफ्रेंड, पटकथा लेखक राहुल मोदी के साथ शादी की अफवाहों पर बात की। जब उनसे उनकी शादी की योजना के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, 'वो स्त्री है, उससे जब शादी करनी होगी, करेगी!'। उनके इस मजाकिया जवाब पर दर्शक हंसने लगे। राजकुमार राव ने मज़ाक को और बढ़ाते हुए कहा कि स्त्री के आने वाले सीक्वल में एक 'बॉयफ्रेंड' है, जो सरकटा राक्षस का संदर्भ देता है, और अगर लोग देखना चाहते हैं कि क्या होता है, तो उन्हें 15 अगस्त को सिनेमा हॉल में जाकर खुद देखना चाहिए।

विविध

याददाश्त सुधार और मस्तिष्क स्वास्थ्य को बनाए रखने में प्रभावी

शरीर के साथ-साथ दिमाग को भी दुरुस्त रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारा दिमाग कई शारीरिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार होता है। किसी भी प्रकार की खराबी आपके संपूर्ण स्वास्थ्य पर असर डालती है। इसलिए, अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सिर्फ शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना ही काफी नहीं है, बल्कि अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी उतना ही ध्यान दें। हमारा मस्तिष्क कई प्रकार की भावनाओं और यादों का भंडार है। नींद की कमी और तनाव के कारण दिमाग की सोचने-समझने की क्षमता कमजोर हो जाती है। इसलिए अगर आप नहीं चाहते कि बुढ़ापे में कमजोर याददाश्त या खराब एकाग्रता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़े तो आपको खास व्यायाम करने चाहिए। इसे आज से ही अपनी दिनचर्या में शामिल करें। बिना शारीरिक गतिविधि के ध्यान आपके दिमाग को मजबूत कर सकता है। प्रतिदिन 10 मिनट ध्यान करने से मन शांत होता है, मूड अच्छा रहता है, एकाग्रता बढ़ती है और भूलने की समस्या दूर हो जाती है। प्रतिदिन 20-30 मिनट व्यायाम करने से आपका दिमाग भी मजबूत होता है और आप खुश रहते हैं। दरअसल, व्यायाम से फील-गुड हार्मोन रिलीज होते हैं जो दिमाग को आराम देते हैं और प्रदर्शन में सुधार करते हैं।

जी हां, डांस भी एक ऐसी गतिविधि है जो दिमाग को तेज करने और भूलने की समस्या आदि से बचने में मदद कर सकती है। बुढ़ापे में. मोटापा कम करने के लिए डांस एक बेहतरीन व्यायाम है।

पहेलियां सुलझाने जैसी गतिविधियों से भी दिमाग को तेज किया जा सकता है। इससे मानसिक प्रशिक्षण मिलता है। जिस तरह शारीरिक गतिविधि आपकी मांसपेशियों को मजबूत करती है, क्रॉसवर्ड पहेलियाँ हल करना भी वैसा ही करता है।

कोई भी खेल जो आपके दिमाग को व्यस्त रखता है, आपके मस्तिष्क को स्वस्थ रखने में मदद करता है, जिसमें शतरंज खेलना भी शामिल है। शतरंज खेलने से आपकी ध्यान केंद्रित करने की क्षमता भी बढ़ती है। वीडियो गेम की लत बुरी है, लेकिन गेमिंग से मानसिक प्रदर्शन में भी सुधार होता है।

तम्बाकू की लत से निपटने के उपाय

यह एक ज्ञात तथ्य है कि तम्बाकू का सेवन व्यक्ति के फेफड़ों पर बुरा असर डालता है, क्योंकि Tobacco का सेवन सिगरेट, सिगार, वेप, बीड़ी और हुक्का जैसे विभिन्न रूपों में किया जाता है, जिससे फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुँचता है और फेफड़ों और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है। यह एक क्रॉनिक इन्फ्लेमेटरी लंग डिजीज है जो फेफड़ों से हवा के प्रवाह को बाधित करती है और सांस लेने में समस्या पैदा करती है। एचटी लाइफस्टाइल के साथ एक साक्षात्कार में ,

मुंबई के लीलावती अस्पताल में चेस्ट फिजिशियन डॉ. प्रहलाद प्रभुदेसाई ने बताया, 'सीओपीडी तम्बाकू को अंदर लेने से होता है जिसमें निकोटीन, टार और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे विभिन्न विषाक्त पदार्थ, बेंजीन, आर्सेनिक और फॉर्मल डीहाइड जैसे हानिकारक रसायन और रेडियोधर्मी पदार्थ होते हैं, जो फेफड़ों और वायुमार्ग को और नुकसान पहुंचा सकते हैं। तम्बाकू चबाने से आपके मौखिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप एसोफैजियल, अग्न्याशय और पेट से संबंधित बीमारियाँ हो सकती हैं।' धूम्रपान और फेफड़ों की समस्याएँ: डॉ. प्रहलाद प्रभुदेसाई ने बताया, 'एक बड़ी ग़लतफ़हमी यह है कि निकोटीन क्षतिग्रस्त फेफड़ों का मुख्य कारण है, लेकिन वास्तव में, यह टार है जो आपके फेफड़ों के लिए एक वास्तविक ख़तरा है। धूम्रपान से श्वास नली में परिवर्तन होता है, जहाँ स्राव जो आम तौर पर पतले होते हैं, वे मोटे हो जाते हैं जिससे सिलिया को बार-बार नुकसान पहुँचता है। सिलिया आपके शरीर को संक्रमित होने से बचाती हैं और फेफड़ों से धूल के कणों को हटाती हैं, और जब बार-बार क्षतिग्रस्त होती हैं, तो ब्रोंकाइटिस का कारण बन सकती हैं। ब्रोंकाइटिस तब होता है जब आपके फेफड़ों से हवा को अंदर-बाहर ले जाने वाली नली में सूजन और सूजन आ जाती है।

कोटा के ये स्थान बनाते हैं एक आकर्षक पर्यटन स्थल

राजस्थान का उपनगर 'कोटा' एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है जो अपनी विशेषताओं के लिए विख्यात है। यह नगरी ना सिर्फ अपने विकासशील माहौल और प्रगति के लिए मशहूर है, बल्कि यहां के सांस्कृतिक और शैक्षिक माहौल पर पूरे देश को गर्व है।

कोटा का इतिहास गहरे संस्कार और परंपराओं से भरा हुआ है। इसे राजपूताना की राजधानी में भी जाना जाता है, जिसमें शानदार महल, बावड़ियों और गुम्मतों का विशेष महत्व है। कोटा की एक विशेषता यहां के ऐतिहासिक स्मारक हैं। यहां प्राचीन कला का विविध संगम है, जिसमें भारतीय संस्कृति का अद्वितीय अनुभव मिलता है। कोटा को शिक्षा का गढ़ माना जाता है, जहां छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए तमाम कोचिंग और Teaching संस्थान हैं। यहां देशभर से छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं। यहां के विद्यालयों और संस्थानों ने अपने उच्च शैक्षणिक मानकों के चलते देशभर में अपना अलग मुकाम बनाया है और छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर स्थान प्राप्त करने में मदद की है।

इसके अतिरिक्त, कोटा की प्राकृतिक सुंदरता और वातावरण भी इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। यहां की खूबसूरत झीलें, अनोखे वन्यजीव अभ्यारण्य और ऐतिहासिक स्मारक दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कोटा शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल इस प्रकार हैं-

कोटा गढ़ः कोटा गढ़ शहर का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो शहर के शिक्षा और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है। यहां के महल और किले इसे एक अनोखा और आकर्षक स्थल बनाते हैं।

चंबल गार्डनः यह प्राकृतिक उद्यान कोटा के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। यहां के विशाल झील और वन्यजीव इसे एक पर्यावरणीय क्षेत्र बनाते हैं।

किशोर सागर झीलः यह झील कोटा शहर का एक और प्रमुख पर्यटन स्थल है जो अपनी शांतिपूर्णता और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर बोटिंग और रिलैक्सेशन की सुविधाएं हैं। गार्डन ऑफ लोड्र्सः यह उद्यान फूलों और पौधों की सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है और यहां पर्यटक शांति और सुकून का आनंद लेते हैं।

रामगढ़ गार्डनः यह गार्डन कोटा शहर का एक अन्य प्रमुख पर्यटन स्थल है जिसमें विभिन्न प्रकार के फूलों और वृक्षों की बगियां हैं।

उदयपुर का महलः यह भी कोटा शहर का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जो अपनी विशेष वास्तुकला और Historical महत्व के लिए जाना जाता है।

कोटा शहर के इन पर्यटन स्थलों के अलावा भी यहां पर कई धार्मिक स्थल, पार्क्स और स्थानीय बाजार हैं जो आपके दौरे को और भी रोमांचक बना सकते हैं। इन सभी स्थलों का दौरा करने से आपको कोटा शहर की समृद्ध और अनूठी संस्कृति का अनुभव होगा।

केरल में शुरू होने वाली है हॉकी इंडिया सब-जूनियर साउथ ज़ोन चैंपियनशिप 2024

कोल्लम : दूसरी हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष और महिला साउथ ज़ोन चैंपियनशिप 2024 19 जुलाई से 26 जुलाई तक केरल के कोल्लम में शुरू होने वाली है। इस आयोजन में प्रत्येक श्रेणी में चैंपियनशिप खिताब के लिए छह टीमें भाग लेंगीः हॉकी कर्नाटक, हॉकी आंध्र प्रदेश, हॉकी यूनिट ऑफ़ तमिलनाडु, तेलंगाना हॉकी, ले पुडुचेरी हॉकी और केरल हॉकी। प्रतियोगिता का प्रारूप राउंड-रॉबिन होगा, जहाँ सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ़ एक बार खेलेंगी। शीर्ष दो टीमें फ़ाइनल में पहुँचेंगी, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें नॉकआउट फ़िक्सचर में तीसरे स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, 'हम दूसरे हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला साउथ जोन चैंपियनशिप में इतनी सारी युवा प्रतिभाओं को एक साथ देखकर रोमांचित हैं।' उन्होंने कहा, 'यह चैंपियनशिप सिर्फ़ जीतने के बारे में नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों के रूप में सीखने और आगे बढ़ने के बारे में भी है। यह युवा खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।' हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने जूनियर खिलाड़ियों को भारतीय हॉकी का भविष्य बताया। सिंह ने कहा, 'हमारे जूनियर खिलाड़ी भारतीय हॉकी का भविष्य हैं और यह चैंपियनशिप उनके लिए चमकने का एक शानदार मंच है।' उन्होंने कहा, 'हमें उनकी क्षमता पर विश्वास है और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिसमें तेलंगाना हॉकी का मुकाबला हॉकी आंध्र प्रदेश से, हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु का मुकाबला ले पुडुचेरी हॉकी से और केरल हॉकी का मुकाबला हॉकी कर्नाटक से महिला वर्ग में होगा। पुरुष वर्ग में रोमांच जारी रहेगा।

सुनील गावस्कर ने गेंदबाजों पर 'आधुनिक पद्धति' अपनाने का आरोप लगाया

क्रिकेट. सुनील गावस्कर पर भरोसा करें कि वह अपनी बात खुलकर कहेंगे और अपनी बात को सही से कहेंगे। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी, जो अपनी बात को बेबाकी से रखते हैं - चाहे वह प्रशासन पर निशाना साधना हो या विराट कोहली पर - गावस्कर ने क्रिकेट में बढ़ते 'ट्रेंड' को संबोधित किया है, जिसके बारे में उन्हें लगता है कि इस पर ध्यान देने की जरूरत है। हमेशा बल्लेबाजों के लिए नरम रुख रखने वाले गावस्कर ने गेंदबाजों द्वारा अपनाए गए 'आधुनिक' दृष्टिकोण की ओर इशारा किया, जिसके बारे में उनका मानना है कि इससे Bowlers को फायदा होता है। गावस्कर को खुश करना आसान नहीं है। भारतीय क्रिकेट के मूल 'लिटिल मास्टर', जो पिछले हफ्ते 75 साल के हो गए, गावस्कर को यह पसंद नहीं है कि जब कोई बल्लेबाज अपना विकेट खो दे या विकेट के बीच लापरवाही से भाग जाए, एक को दो में बदलने में असमर्थ हो या समय पर अपना बल्ला जमीन पर न रख पाए। तो कल्पना कीजिए कि जब गावस्कर गेंदबाजों को पारी के बीच में जानबूझकर 'ड्रिंक ब्रेक' लेते हुए देखते हैं, तो उन्हें कितनी चिंता होती होगी। तेज गेंदबाजों के लिए बाउंड्री के पास फील्डिंग करते समय एक या दो घूंट पीना बेहद आम बात हो गई है, एक ऐसा कृत्य जिसकी गावस्कर कड़ी निंदा करते हैं। गावस्कर ने स्पोर्टस्टार के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'क्रिकेट में, गेंदबाजों, खासकर तेज गेंदबाजों, द्वारा ओवर पूरा करने के बाद बाउंड्री लाइन पर ताज़ा पेय लेने की आधुनिक प्रथा, अधिकारियों द्वारा इस प्रथा की अनदेखी का एक उदाहरण है।

अगर गेंदबाज छह गेंदों पर पूरी ताकत से खेलने के बाद खुद को हाइड्रेट करने जा रहे हैं, तो ड्रिंक्स अंतराल क्यों है? ध्यान रहे, बल्लेबाज को ओवर के बाद ड्रिंक लेने का मौका नहीं मिलता, जिसमें उन्होंने आठ या उससे ज़्यादा रन लिए हों, जो सभी रन हैं।' गावस्कर चाहते हैं कि मैच रे फ री , अंपायर इस मुद्दे को सख्ती से संबोधित करें यह पहली बार नहीं है जब Gavaskar ने इस मुद्दे को संबोधित किया है। उन्होंने इस बारे में बार-बार बात की है। उन्होंने सबसे पहले 2011 में इस मुद्दे को उठाया था, जब ICC ने चोटिल बल्लेबाजों के लिए रनर को समाप्त कर दिया था। हाल ही में हुए एक प्रकरण की बात करें, तो आईपीएल 2023 के दौरान, गावस्कर ने फाइनल में कुछ ऐसा ही देखा, जब गुजरात टाइटन्स के तेज़ गेंदबाज़ मोहित शर्मा को पानी भेजा गया था, और इससे उनकी 'लय में गड़बड़ी' हुई थी। पिछले कुछ वर्षों में, जब खिलाड़ी बल्लेबाजों को संदेश देने के लिए ड्रेसिंग रूम से बाहर निकलते हैं, तो अंपायरों ने कभी-कभी प्रतिरोध दिखाया है, ड्रिंक्स ब्रेक के बहाने के पीछे छिपते हुए, लेकिन गावस्कर सख्त नियम चाहते हैं और उन्होंने मैच रेफरी से सख्त फैसले लेने का आग्रह किया है, ताकि इसे नजरअंदाज न किया जाए। 'क्रिकेट भी एक ऐसा खेल है, जिसमें सहनशक्ति और धीरज मायने रखता है, चाहे कोई भी प्रारूप हो, इसलिए स्पष्ट रूप से, इसे उन दिनों में वापस जाना चाहिए जब खेल के हर घंटे के बाद ही ड्रिंक्स ली जाती थी और उससे पहले केवल विपक्षी कप्तान और अंपायरों की अनुमति से ही ड्रिंक्स ली जाती थी। एक बार जब अंपायरों ने दूसरी तरफ देखा और एक गेंदबाज को ऐसा करने की अनुमति दी, तो यह एक चलन बन गया, जिससे ड्रिंक्स अंतराल का मजाक बन गया,' उन्होंने कहा। 'तीसरे अंपायर और मैच रेफरी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि रिजर्व खिलाड़ी अपने साथी को ड्रिंक देने के लिए मैदान में न जाए, बल्कि सीमा रेखा के बाहर रहे।'

फीफा रैंकिंग में स्पेन तीसरे स्थान पर पहुंचा

फुटबॉल. इस गुरुवार को जारी की गई सबसे हालिया फीफा रैंकिंग में, स्पेन की तीसरे स्थान पर चढ़ाई यूरो 2024 में उनकी जीत के तुरंत बाद हुई, जबकि अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका खिताब जीतने के बाद अपना शीर्ष स्थान बनाए रखा। फाइनल में कोलंबिया पर अर्जेंटीना की जीत ने उनकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। फुटबॉल के एक गतिशील महीने के बाद, जिसमें अर्जेंटीना और स्पेन ने खिताब जीते, इंग्लैंड ने भी रैंकिंग में छलांग लगाई क्योंकि उन्होंने रैंकिंग में ब्राजील को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल किया। ब्राजील का कोपा अमेरिका अभियान निराशाजनक रहा, जिसमें वे क्वार्टर फाइनल चरणों में बाहर हो गए। कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले वेनेजुएला ने रैंकिंग में सबसे उल्लेखनीय सुधार का अनुभव किया, जो 17 पायदान चढ़कर 37वें स्थान पर पहुंच गया। इस बीच, यूरो में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद तुर्की ने 16 पायदान की छलांग लगाकर नवीनतम रैंकिंग में 26वां स्थान हासिल किया। न्यूजीलैंड भी 7 साल के अंतराल के बाद शीर्ष 100 में शामिल हो गया। बेल्जियम भी रैंकिंग में तीन पायदान नीचे खिसक गया, जबकि पुर्तगाल ने भी 2 पायदान गंवाए। 'अपने कॉनमेबोल कोपा अमेरिका के ताज का सफलतापूर्वक बचाव करने के बाद, अर्जेंटीना (पहला) ने शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। यूईएफए यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद फ्रांस (दूसरा) अभी भी उनका सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी है। हाल ही में यूरोपीय चैंपियन बने स्पेन (तीसरा, 5 अंक ऊपर) के पास रैंकिंग के शीर्ष तीन में जगह बनाने के बाद जश्न मनाने का एक और कारण है, जबकि पराजित फाइनलिस्ट इंग्लैंड (चौथा, 1 अंक ऊपर) ब्राजील (5वां, 1 अंक नीचे) से आगे निकलकर शीर्ष पर है,' फीफा के बयान में कहा गया। जहां तक भारत की बात है, तो वे रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में 124वें स्थान पर बने हुए हैं।

बेन स्टोक्स ने एंडरसन, ब्रॉड युग के बाद इंग्लैंड के लिए गति को बड़ा हथियार बताया

दिल्लीः इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बाद के दौर में अपनी गति को 'बहुत बड़ा हथियार' मानते हैं। एंडरसन ट्रेंट ब्रिज पवेलियन की बालकनी में मौजूद रहेंगे, जबकि ब्रॉड मैदान के दूसरी तरफ स्काई स्पोर्ट्स के लिए कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे। 355 कैप और 1,308 टेस्ट विकेट की मौजूदगी में, इंग्लैंड सीरीज के दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज का सामना करेगा। एंडरसन और ब्रॉड के अब इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में शामिल न होने के बावजूद, उनकी गेंदबाजी लाइन-अप में अभी भी एक-दूसरे के प्रति लगाव की भावना बनी हुई है। क्रिस वोक्स अपना 50वां टेस्ट कैप हासिल करेंगे, स्पीड सेंसेशन मार्क वुड टीम में वापस आ गए हैं और गस एटकिंसन ने श्री लायंस के लिए अपने यादगार डेब्यू गेम के बाद दुनिया के सामने अपनी पहचान बनाई है। अपने डेब्यू टेस्ट में, उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान पहली पारी में सात विकेट लिए थे। इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी व्यवस्था भी स्टोक्स की मौजूदगी का लुत्फ उठाएगी, जिन्होंने सीरीज के पहले मैच में दोनों पारियों में 18 ओवर फेंके थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से स्टोक्स ने कहा, 'आप दुनिया के किसी भी बल्लेबाज से पूछिए, चाहे वह जो रूट हो, स्टीव स्मिथ हो, मार्नस लैबुशेन हो, गति एक बहुत बड़ा हथियार है जो आपको अलग-अलग चीजें करने के लिए मजबूर करती है। यह आपको अलग तरह से सोचने पर मजबूर करती है। लेकिन साथ ही आपकी गति के साथ कौशल भी जुड़ा होना चाहिए।' 'गस ने पिछले हफ्ते दिखाया कि वह सिर्फ एक तेज गेंदबाज नहीं है, वह अविश्वसनीय रूप से कुशल है। मार्क वुड भी ऐसा ही है। वह जिस तरह से तेजी से गेंदबाजी करता है, लेकिन साथ ही नियंत्रण और स्विंग भी रखता है, वह ऐसी चीज है जो इतनी तेज गेंदबाजी करने वाले किसी व्यक्ति में बहुत कम देखने को मिलती है। यह एक अतिरिक्त बोनस है कि आपके पास ऐसे लोग हैं जिन्हें आप चुन सकते हैं जो 90 मील प्रति घंटे और उससे अधिक की गति से गेंदबाजी कर सकते हैं, लेकिन आपको अभी भी अपने पास मौजूद चीजों के साथ बहुत कुशल होना चाहिए।'

इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ी संपत्ति जोफ्रा आर्चर की वापसी है। 29 वर्षीय खिलाड़ी का करियर अब तक चोटों से भरा रहा है; कोहनी की चोट से उबरने के बाद उन्होंने टी20 विश्व कप में वापसी की, जिसके कारण वे लगभग एक साल तक बाहर रहे। श्री लायंस के लिए अपनी वापसी में, आर्चर ने आठ मैचों में दस विकेट लिए। हालांकि, उनकी वापसी के बावजूद, वे सीरीज से बाहर हैं क्योंकि इंग्लैंड प्रबंधन ने उन्हें लाल गेंद के सेट-अप में वापस लाने के लिए अपने सतर्क और स्थिर दृष्टिकोण पर टिके रहने का फैसला किया है। 'हमारे लिए, यह इस बारे में है कि हम इससे बहुत ज्यादा उत्साहित न हों। अगर हम उन्हें अगली गर्मियों तक नहीं देखते हैं, उदाहरण के लिए, क्योंकि हम बस यह सुनिश्चित कर रहे हैं... अगर हम उन्हें एक साल के लिए नहीं रखते हैं, तो मान लें, लेकिन इससे उनका करियर अगले दो, तीन साल के लिए बढ़ जाता है, यही हम करने की कोशिश कर रहे हैं,' स्टोक्स ने कहा। 'हम जोफ को वापस लाने की जल्दी में नहीं हैं। मेरे लिए, जोफ्रा आर्चर के एक बड़े प्रशंसक के रूप में, उन्हें इंग्लैंड की शर्ट में वापस देखना बहुत अच्छा है,' उन्होंने कहा। इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 1-0 से आगे है और अपनी अगली भिड़ंत में इसे अपने नाम करना चाहेगा। सीरीज का दूसरा टेस्ट गुरुवार को नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में शुरू होगा।

मेस्सी की अर्जेंटीना शीर्ष पर, रोनाल्डो की पुर्तगाल शीर्ष-10 में



लंदन। सफलता से वंचित भारत ने गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वां स्थान बरकरार रखा, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। जून में जारी फीफा रैंकिंग में, कतर और अफगानिस्तान से हारने के बाद 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन स्थान नीचे खिसक गई। पिछले साल दिसंबर से भारत नीचे खिसक रहा है। पिछले साल वे 99 की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के साथ शीर्ष 100 में पहुंचे थे, लेकिन तब से यह नीचे की ओर गिरता जा रहा है। एशिया में भारत लेबनान, फिलिस्तीन और वियतनाम जैसे देशों से पीछे 22वें स्थान पर रहा। कोपा अमेरिका के अपने ताज का सफलतापूर्वक बचाव करने के बाद अर्जेंटीना (पहले स्थान) ने तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है।

व्यापार

सोना लगातार छठे दिन चढ़ा, लिवाली समर्थन से 700 रुपये चढ़ा

दिल्ली। स्थानीय बाजार में गुरुवार को सोना 700 रुपये बढ़कर 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। साथ ही रुपये में कमजोरी भी आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, पिछले सत्र में पीली धातु की कीमत 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। लगातार छठे सत्र में बढ़त दर्ज करते हुए राष्ट्रीय राजधानी में कीमती धातु 700 रुपये बढ़कर 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 750 रुपये बढ़कर 76,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी की कीमत पिछले सत्र के 94,400 रुपये प्रति किलोग्राम से 400 रुपये घटकर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। संघ ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की सतत खरीदारी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई। रुपये में कमजोरी से भी पीली धातु की कीमतों में तेजी आई। गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 6 पैसे की गिरावट के साथ 83.64 (अनंतिम) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। मुहर्रम के अवसर पर बुधवार को कमोडिटी बाजार बंद रहे। विदेशी बाजार में कॉमेक्स सोना 6.90 डॉलर प्रति औंस की तेजी के साथ 2,466.80 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।'सितंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीद और कमजोर डॉलर के बीच इस सप्ताह की शुरुआत में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद सोने की कीमतें स्थिर रहीं।

सुजुकी ने क्रिसमस सीजन से पहले दो स्कूटरों को अपडेट किया

बिजनेस : जापानी दोपहिया वाहन निर्माता सुजुकी ने भारत में पेश किए गए दो स्कूटरों को अपडेट किया है। कंपनी ने इन दोनों को किस तरह का अपडेट स्कूटर दिया है और अब आप इन्हें किस कीमत पर खरीद सकते हैं? इस खबर में हम आपको इसके बारे में बताएंगे. भारतीय बाजार में सुजुकी मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया द्वारा बर्गमैन स्ट्रीट और एक्सेस 125 की पेशकश की जाती है। कंपनी ने कहा कि दोनों स्कूटरों को छुट्टियों के मौसम से पहले अपडेट किया गया था। अपडेट के साथ इन स्कूटरों में दो रंग जोड़े गए हैं। सुजुकी एक्सेस 125 मैटेलिक सोनोमा रेड/पर्ल मिराज व्हाइट जैसे डुअल टोन विकल्पों के साथ आता है। सुजुकी बर्गमैन स्ट्रीट में मेटालिक मैट ब्लैक कलर जोड़ा गया है।

एक्सेस 125 एक 124cc सुजुकी इंजन द्वारा संचालित है जो OBD-II के अनुरूप है। इसके अलावा, एसईपी तकनीक प्रदान की जाती है। इस इंजन से स्कूटर 8.7 bhp की पावर जेनरेट करता है। और 10 न्यूटन मीटर का टॉर्क। सुजुकी बर्गमैन स्ट्रीट में भी यही इंजन इस्तेमाल किया गया है।

कंपनी की सुजुकी एक्सेस 125 ब्लूटूथ, डिजिटल मल्टीफंक्शन कंसोल, सुजुकी राइड कनेक्ट, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, ईटीए अपडेट, एसएमएस, कॉल और व्हाट्सएप नोटिफिकेशन, लास्ट पा र्किं ग प्वाइंट, इंजन स्टार्ट/स्टॉप बटन, ईजी स्टार्ट सिस्टम से लैस है। और एलईडी हेडलाइट्स एक्सटर्नल फ्यूल फिलर कैप, एंटी-थेफ्ट डिवाइस, साइड पिलर लॉक स्विच, 21.8 लीटर बूट क्षमता, यूएसबी पोर्ट, 12-इंच टायर, फ्रंट डिस्क ब्रेक, सीबीएस और टेलीस्कोपिक सस्पेंशन जैसे फीचर्स से लैस हैं। दूसरी ओर, सुजुकी बर्गमैन स्ट्रीट एलईडी हेडलाइट्स, बॉडी माउंटेड विंडशील्ड, ब्लूटूथ, डिजिटल मल्टी-फंक्शन कंसोल, सुजुकी राइड कनेक्ट, 12-इंच व्हील, सीबीएस के साथ फ्रंट डिस्क ब्रेक, 21.5 लीटर लगेज कंपार्टमेंट जैसी सुविधाओं से लैस है। कंपनी के अनुसार, सुजुकी एक्सेस 125 में ब्लूटूथ, एक डिजिटल मल्टी-फंक्शन कंसोल, सुजुकी राइड कनेक्ट, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, ईटीए अपडेट, एसएमएस, कॉल और व्हाट्सएप नोटिफिकेशन, पिछली पार्किंग स्थिति, इंजन स्टार्ट/स्टॉप बटन और सुविधाएं हैं। आसान। स्टार्टिंग सिस्टम, एलईडी से सुसज्जित। हेडलाइट एक्सटर्नल फ्यूल फिलर फ्लैप, एंटी-थेफ्ट सिस्टम, साइड स्टैंड सेफ्टी स्विच, 21.8 लीटर ट्रंक, यूएसबी पोर्ट, 12-इंच टायर, फ्रंट डिस्क ब्रेक, सीबीएस और टेलिस्कोपिक सस्पेंशन जैसे फीचर्स से लैस है। इस बीच, सुजुकी बोर्गमैन स्ट्रीट में एलईडी लाइट्स, बॉडी ग्रिल, ब्लूटूथ, डिजिटल मल्टीफंक्शन कंसोल, सुजुकी राइड कनेक्ट, 12 इंच के पहिये, सीबीएस के साथ फ्रंट डिस्क ब्रेक, 21.5 लीटर स्टोरेज स्पेस, यूएसबी पोर्ट, सेंट्रल लॉकिंग आदि हैं।



आईटी, एफएमसीजी शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 81,000 के पार, निफ्टी 24,800 के शिखर पर

मुंबई। शेयर बाजार गुरुवार को लगातार चौथे दिन रिकॉर्ड तोड़ तेजी के साथ बंद हुए। बेंचमार्क सेंसेक्स ने पहली बार 81,000 का आंकड़ा पार किया और निफ्टी ने रिकॉर्ड 24,800 का स्तर छुआ। आईटी, तेल एवं गैस तथा एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी के कारण यह बढ़त दर्ज की गई। शुरुआती निचले स्तरों से उबरते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 626.91 अंक या 0.78 प्रतिशत बढ़कर 81,343.46 के नए बंद स्तर पर बंद हुआ। सूचकांक कमजोर रुख के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में 80,390.37 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आईटी शेयरों टीसीएस, इंफोसिस और टेक महिंद्रा तथा इंडेक्स हैवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी के कारण दोपहर के सत्र में सूचकांक में गिरावट कम हुई। सूचकांक 806 अंक या 0.99 प्रतिशत बढ़कर 81,522.55 के नए रिकॉर्ड इंट्रा-डे पीक पर पहुंच गया। व्यापक निफ्टी ने भी शुरुआती नुकसान को कम किया और 187.85 अंक या 0.76 प्रतिशत चढ़कर 24,800.85 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 224.75 अंक या 0.91 प्रतिशत बढ़कर 24,837.75 के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'दूसरे छमाही में अग्रणी सूचकांक मजबूत हुए और आईटी शेयरों में नए सिरे से खरीदारी के कारण नए उच्च स्तर पर पहुंच गए। जून तिमाही में देश की प्रमुख आईटी फर्मों की मजबूत प्रदर्शन रिपोर्ट और कमजोर रुपये के बाद इस क्षेत्र के लिए निवेशकों का आशावाद बढ़ा।' विश्लेषकों ने कहा कि सितंबर तक अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के कारण अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में नरमी ने भी भारतीय इक्विटी में एफआईआई प्रवाह को बढ़ावा दिया। सेंसेक्स शेयरों में, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में सबसे अधिक 3.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जून तिमाही के वित्तीय नतीजों से पहले इंफोसिस में 1.93 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। बाजार बंद होने के बाद आईटी क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी ने अप्रैल-जून अवधि के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की, जो 6368 करोड़ रुपये रहा। साथ ही, उसने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने विकास परिदृश्य को भी बढ़ाया।

बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई।इसके विपरीत, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स में गिरावट दर्ज की गई।एशियाई बाजारों में शंघाई और हांगकांग में तेजी रही, जबकि सियोल और टोक्यो में गिरावट दर्ज की गई। यूरोपीय बाजारों में तेजी रही। बुधवार को अमेरिकी बाजार में गिरावट दर्ज की गई।वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.14 फीसदी गिरकर 84.96 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,271.45 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मुहर्रम के कारण बुधवार को शेयर बाजार बंद रहे।

आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती आवेदन 5 अगस्त तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। वार्ड क्रमांक 19 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद हेतु आवेदन मंगाए गए हैं। इच्छुक आवेदिका 5 अगस्त तक आवेदन कर सकती है। आवेदन कार्यालयीन दिवस में बंद लिफाफे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किए जाते है। रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी एवं निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दिया गया है।

कमिश्नर डॉ. अलंग की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित

बिलासपुर। कमिश्नर डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में आज यहां उनके कार्यालय के सभाकक्ष में सेंदरी स्थित राज्य मानसिक चिकित्सालय की जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मरीजों के लिए अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए। कमिश्नर ने अस्पताल को आबंटित भूमि के समुचित उपयोग के लिए अधोसंरचना विकास के लिए कार्ययोजना बनाने पीडब्ल्यूडी विभाग को कहा। फायर सेफ्टी यंत्र लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

बैठक में कमिश्नर ने अस्पताल में मरीजों के बैठने के लिए शेड बनाने कहा। उन्होंने परिसर में वृहद वृक्षारोपण करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके अलावा अस्पताल के सभी वार्डो की खिड़कियों में मच्छर जाली लगवाने भी कहा। अस्पताल संचालन के लिए पूर्व में खर्च किए गए जरूरी 4 लाख 27 हजार 302 रूपये की कार्योत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में अधीक्षक ने अस्पताल का प्रतिवेदन एवं पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिदिन लगभग 109 मरीजों का ओपीडी में इलाज किया जा रहा है एवं आईपीडी में 04 मरीजों की भर्तियां की जाती है। विगत 6 माह में अस्पताल के जरिए 17 हजार 614 बाह्य रोगियों एवं 729 अंत: रोगियों का इलाज किया गया। बैठक में एडीएम श्री आर.ए.कुरूवंशी, अस्पताल अधीक्षक, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता श्री सीके पांडे, संयुक्त संचालक समाज कल्याण श्रीमती श्रद्धा मैथ्यु सहित समिति के सदस्य, अधिकारी मौजूद थे।

सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु आवेदन 5 अगस्त तक

बिलासपुर। राजीव युवा उत्थान योजना के तहत् संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु ऑनलाईन आवेदन 5 अगस्त तक आमंत्रित किए गए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग युवाओं को कोचिंग दिया जाएगा। अभ्यर्थी की आयु 01 अगस्त 2024 की स्थिति में न्यूनतम 20 वर्ष तथा अधिकतम 30 वर्ष एवं मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों के लिए आय सीमा का कोई बंधन नहीं है। अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों के पालकों की कुल वार्षिक आय क्रीमीलेयर के लिए निर्धारित आय सीमा तक होगी। उक्त योजना से संबंधित समस्त नियम एवं निर्देश की जानकारी एवं आवेदन पत्र (ऑनलाईन) विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in अथवा https://hmstribal.cg.nic.in से अवलोकन एवं डाऊनलोड कर सकते हैं।

पीएचई द्वारा की जा रही ओवरहेड टंकियों की साफाई और हैण्डपंपों का क्लोरीनेशन

बिलासपुर। कलेक्टर श्री अवनीश शरण के निर्देश पर जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए स्थापित ओवरहेड टंकियों की साफ-सफाई और क्लोरीनेशन का काम पीएचई विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.राठिया ने बताया कि विगत दिनों बैठक में कलेक्टर ने पेयजल आपूर्ति के लिए निर्मित टंकियों के साफ-सफाई के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में जिले के सभी विकासखण्ड में बनी टंकियों की सफाई का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। सफाई पूर्व वाल्व से टंकी का पानी खाली किया जाता है। जिसके बाद श्रमिकों द्वारा टंकी की सफाई की जाती है। सफाई के बाद अंत में ब्लीचिंग पाउडर और हाईपोक्लोराईड (लिक्विड क्लोरिन) डालकर टंकियों में क्लोरीनेशन का काम भी किया जा रहा है। तथा ग्रामों के सभी पेयजल स्त्रोतों का भी प्रथम चरण में जून माह तक क्लोरीनेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्राम पंचायतों को सूचना देकर उनसे टंकी की साफ-सफाई एवं पेयजल स्त्रोतों में किए गए क्लारीनेशन का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जा रहा है। इस दौरान टंकीयों में कोई भी समस्या आ रही है उसका समाधान तत्काल किया जा रहा है।

नवापारा के निहाल जैन ने फेडरेशन कप (राष्ट्रीय प्रतियोगिता) पावर लिफ्टिंग में प्रथम स्थान पाकर बढ़ाया नगर का गौरव

नवापारा। नगर के सुभाष चौक में रहने वाले विनोद जैन के पुत्र निहाल जैन ने 13 और 14 जुलाई को देहरादून उत्तराखंड में हुए फेडरेशन कप राष्ट्रीय स्तरीय राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रथम स्थान आकर स्वर्ण पदक हासिल किया और राष्ट्रीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान आकर स्वर्ण पदक हासिल किया अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। निहाल ने पहले भी राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है ड्ढ और पॉवरलिफ्टिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और नवापारा नगर और छत्तीसगढ़ प्रदेश का गौरव बढ़ाया हैं। वही निहाल जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है बहरहाल निहाल जैन की सफलता पर सामाजिकजनों व शुभचिंतकों ने अपनी-अपनी शुभकामनाएं दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आवारा घुम रहे मवेशियों के घरपकड़ की कार्यवाही लगातार जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत सड़क पर आवारा घुम रहे मवेशियों को पकड़ने का अभियान जारी है। सड़को एवं गली मोहल्लो में मवेशियो के बैठे रहने से होने वाले वाहन दुर्घटना को देखते हुए निगम द्वारा घड़पकड़ की जा रही है। मवेशियो के मालिको द्वारा अपने मवेशियो को खुला छोड़ देते है। जिससे मवेशी गली, मोहल्लो, सड़को पर कहीं भी जाकर बैठ जाते है या खड़े रहते है। आम नागरिक वाहन से सफर करते है, जिससे मवेशी उनके सामने आ

जाते है और टकराकर दुर्घटना का शिकार हो जाते है। आम नागरिक वाहन चलाते समय हार्न बजाने के बाद भी मवेशी उनके सामने से हटते नहीं है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार रोका छेका अभियान लगातार निगम भिलाई के सभी जोनों में जारी है। गुरूवार को टीम द्वारा मवेशियो को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 14 गाय एवं 8 सांड को पकड़ा गया। पकड़े गये गाय को कोसानाला शहरी गौठान एवं सांड को डी मार्ट के पास बने गौठान में ले जाकर छोड़ा गया। अकसर देखने में आता है बारिश के मौसम में जानवरो को मक्खी काटती है। इससे बचने के लिए जानवर रोड़ में आकर बैठ जाते है। मवेशिको के मालिको को पहले भी निगम द्वारा कई बार समझाईस दी गई है साथ ही उनके उपर अर्थदण्ड भी लगाया गया है। फिर भी मवेशियो को खुला छोड़ देते है। निगम आयुक्त ने मवेशियो के मालिको से अपील की है कि अपने मवेशियो को खुला न छोड़े घर पर बांध कर रखें। जिससे सड़को पर मवेशियो से होने वाले वाहन दुर्घटना को रोका जा सके। कार्यवाही के दौरान जाने के राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, सुपरवाईजर अंजनी सिंह, मदन तिवारी, अरूण सिंह, कन्हैया यादव, आदि उपस्थित रहे।

शांति एवं सौहार्द के साथ मनाया गया मोहर्रम

हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाला गया ताजिए का जुलूस

गौरेला। मोहर्रम का पर्व शांति एवं सौहार्द के साथ मनाया गया। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुस्लिम समुदाय द्वारा विभिन्न स्थानों से या अली या हुसैन के नारों एवं डीजे के साथ ताजिए निकाले गए। अस्त्र की नमाज के बाद शाम 5ः30 बजे मोहर्रम कमेटी द्वारा मदीना मस्जिद के सामने से ताज़िए का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस पुराना गौरेला पत्ता बाड़ा तक गश्त करने के बाद वापस मदीना मस्जिद पहुंचा। यहां मगरिब की नमाज अदा करने के बाद शाम 7ः15

बजे यह जुलूस गांधी चौक मंगली बाजार, रेस्ट हाउस रोड एवं स्टेशन रोड होते हुए नगर का गश्त किया। जुलूस में मासूम गली की ताजिया भी शामिल थी। जो जुलूस की शक्ल में समता नगर, अंबेडकरनगर रोड से गश्त करती हुई पहुंची थी। इससे पहले अमरकंटक रोड में मरहूम अला नूर पहलवान के घर के सामने, गांधी चौक, कोऑपरेटिव बैंक के सामने आदि स्थानों में अखाड़ा सजाकर युवाओं और जवानों ने अपनी कला का हैरत अंगेज प्रदर्शन किया। जुलूस में गौरेला, टीकर, डीपूपारा, गोरखपुर, सारबहरा, सेमरा, खोडरी, पेंड्रा सहित आसपास से आए लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। नगर गश्त के बाद देर रात जुलूस वापस मदीना मस्जिद के पास पहुंचा। जहां फातिहा और सलाम पढ़ने के बाद जुलूस का समापन हुआ। इसके बाद कमेटी द्वारा यहां आयोजित लंगर में लोगों ने हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने चंचल देवांगन

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में खुशी का माहौल

किरन्दुल. छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ दंतेवाड़ा का चुनाव पुराना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यलय में सम्पन्न हुआ जिसमे निर्विरोध निर्वाचित हुए चंचल कुमार देवांगन।छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक दिनांक 14 जुलाई को अंबिकापुर में आयोजित की गई जिसमे प्रांतीय अध्यक्ष आलोक मिश्रा के द्वारा चंचल कुमार देवांगन को जिला दंतेवाड़ा का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया।इस बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संरक्षक ओ पी शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष आलोक मिश्रा प्रांतीय सचिव रविन्द्र तिवारी एवम समस्त प्रांतीय पदाधिकारी और समस्त संभाग अध्यक्ष समस्त जिलो के जिला अध्यक्ष और अंबिकापुर संभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

जिलाधीश से वार्ड नं. 20 पेंड्री को सुरक्षित वार्ड रखने की मांग : वैष्णव

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने बताया है कि संत रविदास वार्ड क्रमांक 20 पेंड्री ग्रामीण परिवेश वाला वार्ड है जो कि ग्रामीण वार्ड के नाम से जाना जाता है और कृषि वाहुल्य के अंतर्गत आता है। कृषि कार्य से ही विभिन्न त्योहार, छत्तीसगढ़ी त्योहार को कृषकगण मानते आ रहे हैं। वर्तमान में वार्ड के मतदाता 2000 से अधिक संख्या है। परिसीमन के आधार पर रविदास वार्ड क्रमांक 20 पेंड्री को 4098 जनसंख्या बनाकर बडा वार्ड का दर्जा दिया जा रहा है जिससे वार्ड विकास, साफ सफाई, बिजली, पानी, स्वास्थ्य के रखरखाव सही तरीके से नहीं हो पाएगा तथा जनता को मुलभूत सुविदाओं को लाभ नहीं मिल पाएगा। पिछले चुनाव में परिसीमन में वार्ड क्रमांक 21 को मेडिकल वार्ड के नाम से संचालित है। वर्तमान में वार्ड 21 को विलोपित कर वार्ड क्रमांक 20 पेंड्री में शामिल करना वार्डवासियों के साथ न्याय संगत नहीं

है। जबकि वार्ड क्रमांक 21 मेडिकल वार्ड में अटल आवास, पीटीएस, चन्द्रा कालोनी, मेडिकल अस्पताल को वार्ड में शामिल कर यथावत रखा जाए। जबकि परिसीमन के आधार पर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अन्य वार्ड की संख्याएं 2000 से 3000 की मतदाता संख्या की वार्ड बनाया जा रहा है। जबकि पेंड्री वार्ड 20 के मतदाताओं की भावनाओं को नजर अंदाज किया जा रहा है। जिससे वार्डवासी असंतुष्ट हैं। बड़े वार्ड बनने से वार्ड का विकास असंभव है। जिलाधीश महोदय को पत्र के माध्यम से दावा अपत्ति कर मांग की गई। श्री वैष्णव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन, सांसद, विधायक, महापौर एवं आयुक्त से मांग करते हैं कि वार्डवासियों की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पेंड्री वार्ड नं. 20 को सुरक्षित एक वार्ड बनाया जाए एवं वार्ड क्रमांक 21 मेडिकल वार्ड को यथावत रखा जाए। जिससे वार्ड का विकास हो सके।

परमानंद संस्कृत विद्यालय में छात्राओं को किया गया सायकल वितरण

गौरेला। अखंड राष्ट्र धर्म संस्थान गोरखपुर गौरेला द्वारा संचालित परमानंद संस्कृत विद्यालय के शाला प्रवेश उत्सव एवं सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ! गौरेला के गोरखपुर में संचालित स्वामी परमानंद संस्कृत विद्यालय में जिला कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव और सायकल वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमे कलेक्टर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा ही एक माध्यम है जो हमे समाज में अलग पहचान देता है, शिक्षा प्राप्त करके ही हम अपने सपनो को साकार कर सकते है इसलिए आप सभी अच्छे से

शिक्षा अध्ययन करिए! सर्वप्रथम विद्यालय परिवार के द्वारा मंत्रोच्चार एवं पुष्पवर्षा के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों के द्वारा दक्षिण मुखी हनुमान का पूजन दर्शन किया गया। विद्यालय की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बच्चों को गणवेश एवं पुस्तक भेंट की गई। स्वागत भाषण एवं विद्यालय की प्रस्तावना प्रकाश नामदेव के द्वारा की गई। कलेक्टर महोदया द्वारा अपने उद्बोधन में शाला के बच्चों को ढेर सारा आशीर्वाद दिया।

विद्यालय के वातावरण एवं परिवेश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे भविष्य के निर्माता है। उसमें संस्कृत पर पढ़ाई करना सर्वोत्तम है। स्वामी परमात्मानंद के द्वारा आशीर्वचन एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्या विजया उर्मलिया के द्वारा किया गया।

राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति पर गृहमंत्री शर्मा से जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष चंद्राकर ने मांगा इस्तीफा

भिलाई नगर । भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि राज्य की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था से दुर्ग-भिलाई का हर नागरिक परेशान है। महिलायें, व्यापारी,आम आदमी सभी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। स्थितियां इतनी भयावह हो चुकी है कि,सरेआम लोगों की हत्यायें हो रही राज्य के हालात असहनीय हो चुके है। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। नागरिको को भय के माहौल जीवन जीना पड़ रहा है। अपराधी बेलगाम हो गये है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। सरकार अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के बजाये उनको संरक्षण देने में लगी है। पुलिस असहाय हो गयी है।

छत्तीसगढ़ में अपराधियों के

हौसले इतने बुलंद हैं कि कल रात निपनिया चौकी प्रभारी की कार को आग लगाकर फरार हो गए,अगर पुलिस अधिकारी और उनका परिवार ही सुरक्षित नही तो आम जनता का क्या होगा।

गृहमंत्री का गृह जिला तो हत्या, लूट, मानव तस्करी का केन्द्र बन गया है। 6 माह में एक दर्जन से अधिक दुर्दांत हत्या कवर्धा में हुई है। हर दिन बलात्कार की घटनाये हो रही है। गृहमंत्री अपना गृह जिला नहीं संभाल पा रहे है। ऑन लाईन सट्टा महादेव एप डबल इंजन की सरकार में फल-फूल रहा है। सत्तारूढ़ दल के लोग इसके संरक्षक बन गये इसीलिये इसको बंद करने कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है।

कांग्रेस पार्टी एक जिम्मेदार राजनीतिक दल होने के नाते इस स्थिति को मूकदर्शक बनकर नहीं देख सकती। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री अपने पद से इस्तीफ़ा दें, ताकि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था को सुधारने और जनता के विश्वास को बहाल करने के लिए नए सिरे से प्रयास किए जा सकें,वर्तमान की सरकार इन चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह विफल रही है।

अग्निवीरों के निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 तक

गरियाबंद। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 4 से 12 दिसम्बर तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जायेगा। नि:शुल्क शारीरिक दक्षता परीक्षण प्राप्त करने के लिए सफल अभ्यर्थी अपना नाम, पता, मोबाइल नं. एवं अग्निवीर थल सेना का पंजीयन क्रमांक की जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद में 31 जुलाई तक कार्यालय में उपस्थित होकर एवं कार्यालय की ई-मेल आईडी एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज डॉट गरियाबंद एट द रेट जी मेल डाट कॉम पर दर्ज करा सकते है।

कलेक्टर और पीडी ने टीबी मरीजों को गोद लेते हुए अतिरिक्त पोषण आहार पैकेट प्रदान किया

गौरेला। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बनकर कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी और परियोजना निदेशक जिला पंचायत (डीआरडीए) कौशल प्रसाद तेंदुलकर ने आज कलेक्ट्रेट में पेंड्रा विकासखंड के ग्राम गिरारी निवासी टीबी मरीज तिलक राम एवं ग्राम बंधी निवासी रेकलाल केवट को गोद लेते हुए अतरिक्त पोषण आहार पैकेट प्रदान किया। इसी तरह जिले के 80 अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी निक्षय मित्र बनकर टीबी के मरीजों को अतरिक्त पोषण आहार प्रदान कर रहे है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विभा टोप्पो, टीबी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. जोहन सिंह, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिमन्यु सिंह, जोगेंद्र सिंह, आशुतोष पांडेय उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण, साफ-सफाई रखने के दिये निर्देश

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा ने जांजगीर में संचालित कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में विद्युत व्यवस्था, भोजन तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी छात्र-छात्राओं से ली। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रावास में क्लोरिन दवाई और साफ-सफाई का विशेष रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यहाँ शैक्षणिक माहौल विकसित करते हुए छात्राओं को समय पर अध्यापन कराने, विद्यार्थियों को खेलकूद गतिविधियों के अलावा रचनात्मक कार्यों में भी सक्रिय रहने कहा।

सफलता की कहानी-आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे कदम

मुर्गी पालन शेड बनने से भरत लाल की संवरी जिंदगी

बिलासपुर। मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन से जिले के कई गांवों में ग्रामीणों की जिंदगी बदल रही है। मनरेगा के अंतर्गत पंचायत स्तर पर मुर्गी पालन शेड निर्माण जैसे कई कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों से ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ ही उनके जीवन स्तर में काफी सुधार आ रहा है और उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रहीं है।

मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत जुनवानी निवासी श्री भरत लाल टंडन रोजगार के आभाव में पलायन करना पड़ता था। आजीविका चलाने के लिए अपने घर से दूर रहना उनकी मजबूरी बन चुकी थीं। उनके पास स्वयं का रोजगार या व्यवसाय नहीं था। गांव में रोजगार सहायक द्वारा उन्हे मनरेगा के तहत कराये जा रहे कार्यो की जानकारी उन्हें

मिली। 81 लाख रूपए की लागत से मुर्गी पालन शेड निमार्ण कार्य स्वीकृत होने पर मनरेगा के जॉब कार्डधारी श्रमिकों से कार्य पूर्ण कराया गया। कार्य स्वीकृति से मनरेगा श्रमिकों को रोजगार भी मिला। मुर्गी पालन शेड निर्माण हितग्राही एवं मनरेगा श्रमिकों द्वारा पूरा किया गया। इस कार्य में 46 मानव दिवस सृजित किया गया। काम के पूरा होने से अब श्री भरत लाल मुर्गी पालन कर रहें है।

श्री टंडन ने बताया की उन्हें मुर्गीपालन में एक वर्ष में 80 हजार रूपए का मुनाफा हुआ है। शेड बन जाने के बाद श्री टंडन को अपनी आजीविका चलाने में बड़ी राहत मिली है, जिससे उनकी आय में भी इजाफा हो रहा है।

उन्हें अपने परिवार की अजीविका चलाने में अब कोई परेशानी नहीं हो रहीं है। श्री टंडन ने शासन को धन्यवाद देते हुए आभार जताया। इस योजना की जानकारी अपने आसपास के लोगों को भी दे कर उन्हें भी प्रेरित कर रहे हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग (छ.ग.)

आदेश कमांक / व.ले.लि./2024-25 **दुर्ग, दिनांक- /07/2024**

सिस्टम निविदा क्र. 155322/NIT No.: 05/SAC/2024-25, Durg, Dated: 27.06.2023 खुड़मुड़ा पार्ट-2 बाढ़ नियंत्रण योजना निर्माण कार्य एवं सिस्टम निविदा क्रमांक 155337/NIT No.: 06/SAC/2024-25, Durg, Dated: 27.06.2024 घुघवा बाढ़ नियंत्रण योजना निर्माण कार्य की निविदा अपरिहार्य कारणो से निरस्त की जाती है।

जी. नम्बर 242500687

(सुरेश कुमार पाण्डेय)
कार्यपालन अभियंता, तांदुला जल संसाधन संभाग
जी- 242501123/2 **दुर्ग (छ.ग.)**

समाचार संक्षेप

कपड़ा मार्केट से एक्टिवा पार

रायपुर। गेट नंबर 3 कपड़ा मार्केट पंडरी के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिल कुममार नारंग 51 वर्ष नगरी सिहावा धमतरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एम 2326 को पंडरी कपड़ा मार्केट के गेट नंबर 3 के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

रायपुर। विप्रनगर रायपुरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष बघेल 42 वर्ष विप्रनगर रायपुरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि गली नंबर 7 तेलीबांधा में एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी लक्की मसीह 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सीएम आज पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से करेंगे मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दोपहर 12 बजे संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य मुलाक़ात करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य राज्य और केंद्र के बीच सहयोग बढ़ाना है। इसके बाद दोपहर 1.30 बजे मुख्यमंत्री साय केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मिलेंगे। इस मुलाक़ात में छत्तीसगढ़ की सड़क विकास परियोजनाओं पर विशेष चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री साय और केंद्रीय मंत्री गडकरी के बीच इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और आगामी परियोजनाओं को गति देना है। मुख्यमंत्री उसके बाद दोपहर 3 बजे होटल अशोका चाणक्यपुरी में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के छह माह पर अपने विचार रखेंगे। इस कार्यक्रम में विकास, सुशासन, नक्सलरोधी अभियान की सफलता, नक्सलियों द्वारा पीड़ित लोगों की व्यथा, संस्कृति, पर्यटन आदि से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री अपनी बात रखेंगे।

फर्जी दस्तावेजों से करवाता था जमानत, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। विगत कुछ दिनों से रायपुर पुलिस को शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि कुछ लोगों के द्वारा न्यायालय परिसर रायपुर में फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर आरोपियो का जमानत लिया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रायपुर लखन पटले एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अनुराग झा के द्वारा थाना सिविल लाईन पुलिस को आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। जिस पर थाना सिविल लाईन पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों के संबंध में लगातार सूचना एवं जानकारी एकत्र किये जा रहे थे। इसी तारतम्य में थाना सिविल लाईन पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के द्वारा फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर आरोपियों का जमानत लिया जा रहा है।

विष्णुदेव साय ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से नई दिल्ली में महत्वपूर्ण मुलाक़ात

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला से मुलाक़ात की। संसद भवन में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य और केंद्र के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देना था। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें विशेष रूप से राज्य के बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं और आगामी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने लोक सभा अध्यक्ष को राज्य में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया और केंद्र सरकार से निरंतर समर्थन की अपेक्षा व्यक्त की।

पिता नक्सली हमले में शहीद, बेटियां गई स्कूल

रायपुर। बीजापुर में हुए नक्सली हमले में राजधानी रायपुर के मोवा इलाके में रहने वाले भारत साहू शहीद हुए हैं। भारत छत्तीसगढ़ एसटीएफ के जवान थे। बीजापुर में चल रहे नक्सली सर्च ऑपरेशन से लौटते वक्त IED ब्लास्ट में उनकी जान चली गई। भारत की पत्नी किसी से बात नहीं कर पा रही हैं, बेसुध सदमे में अपने कमरे में बैठी हुई है।

बहन बिलखते हुए कह रही थी मेरे भाई को क्यों ले गए भगवान.... बूढी मां ने आंसू भरी आंखों से सवाल किया ये क्या हुआ हमारे साथ? साहू परिवार की महिलाओं ने भरे गले से जो सवाल पूछे हैं उनका जवाब कोई नहीं दे सकता। एक शहीद की मां और बहन को रोता देख इलाके की औरतें भी बिलख रही थी। सर झुकाए मर्द जैसे-तैसे अपने आंखों में आंसुओं को रोक रहे थे। जिस घर के गेट पर लिखा था भारत साहू छत्तीसगढ़ पुलिस उसके भीतर से महिलाओं का रोना तीन मकान दूर भी सुनाई दे रहा था। रोती हुई यह आवाज बता रही थी कि यही वह गली है जहां शहीद भारत साहू का घर है।भारत के पिता रामाधार साहू ने बताया कि देर रात एसटीएफ के अफसरों ने मेरे दूसरे बेटे को फोन करके बताया कि भारत शहीद हो गए। घर पर उसकी पत्नी को हमने कुछ नहीं बताया सुबह से जब उसे पता चला है सदमे में हैं। भारत का 2 साल का एक छोटा बेटा है, जो अपने कमरे में सोया हुआ है। दो बेटियां हैं पांचवी और तीसरी कक्षा में पढ़ती हैं उन्हें हमने फुसलाकर स्कूल भेज दिया। आखिर बताते भी तो क्या..? इतना कहकर शहीद भारत के पिता बस जमीन को ताकने लगे। उनकी यह मायूसी भरी खामोशी बहुत कुछ कह रही थी।पिता रामाधार साहू ने बताया कि BA और आईटीआई की पढ़ाई करने के बाद भारत पुलिस भर्ती की तैयारी में लगे हुए थे और उनका सिलेक्शन एसटीएफ के लिए हुआ। परिवार रायपुर में ही रहता था वह बीजापुर में सिक्योरिटी फोर्स के कैंप में रहा करते थे। रामाधार साहू ने बताया कि 2 दिन पहले ही उनकी भारत से बात हुई थी। परिवार में एक परिजन के यहां शादी की तैयारी चल रही हैं, उसके कामकाज को लेकर भारत ने पिता से बात की थी। 1 जुलाई को ही छुट्टी खत्म होने के बाद वह ड्यूटी पर लौटे थे। ठीक 17 दिन बाद शहादत की खबर से अब पूरा परिवार सदमे में हैं।

नक्शा बटांकन से सुलझ रही है परिवारों की भूमि संबंधी दिक्कतें

रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित नई सरकार में राजस्व संबंधी मामलों का तेजी से निराकरण हो रहा है। रायगढ़ जिले में खसरों का नक्शा बटांकन के अभियान से कई परिवारों की समस्याएं सुलझ रही हैं, वहीं राजस्व अभिलेखों में भी शुद्धता आ रही है। नक्शा बटांकन होने के कारण दो युवाओं को एसईसीएल में नौकरी भी मिली है। बैंक लोन, रजिस्ट्री आदि कार्य हेतु आवश्यक दस्तावेज आसानी से प्राप्त होने के साथ ही भूमि संबंधी विवाद भी सुलझ रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य की सुविधा के लिए रायगढ़ के सभी तहसीलों में नक्शा बटांकन कार्य को अभियान चलाकर पूरा किया जा रहा है। विगत माह दिसम्बर 2023 से अब तक नक्शा बटांकन कार्य में लगभग 18 प्रतिशत की प्रगति आयी है। इस अवधि में लगभग 90 हजार खसरों का नक्शा बटांकन किया गया है। जनसामान्य को खसरा एवं नक्शा के आसानी से उपलब्ध होने पर अब कार्यालय में आना नहीं पड़ रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि खसरा दुरूस्ती के पश्चात नक्शा अपडेशन नहीं होने से ऐसे खसरे काफी संख्या में लंबित रहे हैं, इनका अभियान चलाकर निराकरण किया जा रहा है। कई गांवों में नक्शा बटांकन के काम जो लम्बे समय से लंबित थे, उन्हें शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। तहसील लैलूंगा के रामपुर, कोड़ासिया, ईश्वरपुर, सोहनपुर एवं चिटकीबहार इसी तरह घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम छिरभौना, पोरडी, राई, घोघरा में नक्शा अद्यतनीकरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया है।

घरघोड़ा तहसील के घोघरा के श्री बुधेश्वर पिता संतोष ने बताया कि उनकी भूमिस्वामी मद की भूमि का हल्का पटवारी द्वारा मौका स्थल देखकर तुरंत नक्शा बटांकन कर दिया गया।

जिसके कारण उसके पुत्र चंद्रकांत साहू एवं पुत्री मेघा साहू को एसईसीएल में नौकरी का लाभ मिल सका। श्री रामकुमार चौहान ने बताया कि उनका ग्राम-तुरेकेला में भूमि कब्जा संबंधी विवाद चल रहा था, जिसका नक्शा बटांकन होने से विवाद का निराकरण हो गया है। इसी जैमुड़ा के श्री गंगाधर पटेल ने बताया कि नक्शा बटांकन होने के बाद उन्हें उनकी भूमि का सीमाचिन्ह ज्ञात हो गया।

रायपुर में लाश को जानवरों ने नोंचा, हत्या कर लाश फेंकने की आशंका

रायपुर

राजधानी रायपुर में एक युवक की लाश मिली है। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। जानवरों ने लाश के चेहरे को नोंच दिया है। इसके अलावा पुलिस को सिर में जख्म के निशान मिले हैं। आशंका है कि किसी ने युवक की हत्या कर लाश को फेंक दिया है। फिलहाल पुलिस युवक की पहचान करने में जुटी है।

यह पूरा मामला आमानाका थाना इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को आमानाका पुलिस को सूचना मिली कि आमानाका के पास पेट्रोल पंप के सामने खाली जमीन हैं। जमीन में झाड़ियों के पास एक युवक की लाश पड़ी हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक 35 से 40 साल के बीच का है। उसने हाफ पैंट और टी-शर्ट पहनी है। पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल की। बताया जा रहा है कि युवक की लाश दो से तीन दिन पुरानी है। लाश के चेहरे को जानवरों ने नुकसान पहुंचाया है। शरीर में भी सड़न हो चुकी है।

लाश के दाएं हाथ में मां लिखा, छानबीन शुरू

बता दें कि लाश के दाएं हाथ में मां से गोदना लिखा हुआ है। पुलिस लाश में मिले कपड़े, गोदना और कद-काठी के आधार पर पहचान करने की कोशिश कर रही है। बीते कुछ दिनों में आसपास के थानों में गुमशुदगी के मामलों को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस को शक है कि मृतक आसपास का ही इलाके का रहने वाला है। फिलहाल लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया गया है।

छत्तीसगढ़ में 19 जुलाई के बाद होगी झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

रायपुर

बारिश का इंतेजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर हैं। छत्तीसगढ़ में 19 जुलाई के बाद भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। रायपुर मौसम विभाग के मुताबिक, 19 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है, जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में वर्षा होने के साथ झमाझम बारिश हो सकती है।

ात करें बारिश की तो सोमवार-मंगलवार को प्रदेश में हल्की बारिश हुई। सोमवार को रायपुर सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में दोपहर और शाम में रूक-रूककर बरसात देखने को मिली। इधर, मंगलवार को प्रदेश में बादल छाये रहे, इसी के साथ हल्की बारिश भी हुई। दोपहर में उमस वाली गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ा। फिर रात में कुछ जिलों में बारिश हुई, जिससे रात के तापमान में गिरावट देखी गई।

राजधानी के कुछ इलाकों में दोपहर को बारिश का दौर जारी है। रायपुर में मौसम बदलने के साथ कुछ इलाकों में वर्षा भी शुरू है। दरअसल, एक निम्न दबाव का क्षेत्र विदर्भ एवं उससे लगे दक्षिण छत्तीसगढ़ के क्षेत्र में बना हुआ है और उससे सम्बद्ध चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक विस्तारित है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। एक कतरनी क्षेत्र लगभग 19 डिग्री उत्तर में औसत समुद्र तल से 3.1 और 7.6 किमी ऊपर स्थित है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। 3)19 जुलाई को पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 197.5 मिमी, बलरामपुर में 336.5 मिमी, जशपुर में 239.8 मिमी, कोरिया में 247.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 204.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 250.4 मिमी, बलौदाबाजार में 290.4 मिमी, गरियाबंद में 326.4 मिमी, महासमुंद में 217.8 मिमी, धमतरी में 279.1 मिमी, बिलासपुर में 326.2 मिमी, मुंगेली में 314.7 मिमी, रायगढ़ में 327.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 190.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 291.3 मिमी, सक्ती में 253.9 कोरबा में 386.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 340.7 मिमी, दुर्ग में 178.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 252.4 मिमी, राजनांदगांव में 226.2 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 241.8 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 185.6 मिमी, बालोद में 265.6 मिमी, बेमेतरा में 163.6 मिमी, बस्तर में 380.9 मिमी, कोण्डागांव में 282.7 मिमी, कांकेर में 270.7 मिमी, नारायणपुर में 311.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 314.5 मिमी और सुकमा जिले में 444.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ : 1 महिला और 4 पुरुष गिरफ्तार

रायपुर

राजधानी से सटे थाना मुजगहन क्षेत्र अंतर्गत अनैतिक व्यापार कराने वाली एक महिला और चार पुरुषों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस कार्यवाही के तहत कई आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह और अति पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राठौर के निर्देशानुसार यह कार्यवाही की गई। थाना मुजगहन क्षेत्र में चल रहे अनैतिक देह व्यापार पर यह संयुक्त ऑपरेशन डी.एस.पी. (आईयूसीएडब्ल्यू) ललिता मेहर, नगर पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके, निरीक्षक अजीत सिंह (थाना राखी), उपनिरीक्षक शशि पैकरा (थाना टिकरापारा), उपनिरीक्षक हरिप्रसाद देवता, आरक्षक सूर्यप्रताप राजपूत, नंदलाल अग्रहरि, धनेन्द्र जोशी, और महिला रक्षा टीम के सदस्य (म.प्रधान स्वलेहा शेख, के. पदमा, म.आर पुष्पा एक्का 2366, हेमलता वर्मा, म.आर 2292 कामिनी तिग्गा) द्वारा किया गया। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना मुजगहन में अपराध क. 187/2024 धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के तहत कार्यवाही की गई है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड के लिए न्यायालय भेजा गया है। इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व नगर पुलिस अधीक्षक अटल नगर नवा रायपुर कर्ण कुमार उके ने किया।

स्काउट्स-गाइड्स से युवा पीढ़ी में नेतृत्व, देशभक्ति, सामाजिक सेवा का विकास होता है : बृजमोहन

रायपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का उद्देश्य युवा पीढ़ी में नेतृत्व, देशभक्ति, सामाजिक सेवा, और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। युवाओं में समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों और कर्तव्यों को लेकर जागरूकता लाना है। यह बात रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को भारत स्काउट्स-गाइड्स छत्तीसगढ़ के नवीन राज्य परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में कहीं। बृजमोहन अग्रवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत है। जिसके लिए सभी शिक्षण संस्थान में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को शुरू करने के लिए वे पहले ही अधिकारियों को निर्देशित कर चुके है। अब नव निर्वाचित पदाधिकारियों को भी इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने ने संगठन के लोगों से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान को गति देते हुए सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शपथ लेने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता संजय बोहरा, उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, उपाध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार उपाध्यक्ष, राजेंद्र गोलछा, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, कोषाध्यक्ष मुरली शर्मा शामिल रहे।

सीएम साय की पहल पर पटवारियों की हड़ताल समाप्त

रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और राजस्व सचिव अविनाश चंपावत के साथ राजस्व पटवारी संघ के अध्यक्ष और पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघ के सभी मुद्दों पर सौहाद्रपूर्ण चर्चा हुई। राजस्व मंत्री और राजस्व सचिव ने समस्त मांगों पर सकारात्मक कदम उठाने के लिए आश्वस्त किया। इसके बाद पटवारी संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल को आज से समाप्त करने का निर्णय लिया। पटवारियों के हड़ताल समाप्त होने से अब फिर से आय, जाति, निवास सहित विभिन्न राजस्व संबंधी काम-काज होना शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि राजस्व पटवारी संघ के आह्वान पर अपनी 32 सूत्रीय मांग को लेकर विगत 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। राजस्व पटवारी संघ सरकारी ऑफिस में ऑनलाइन कामों के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर इसके अलावा, आवश्यक संसाधन, नेट भत्ता, ऑनलाइन नक्शा, बटांकन में संशोधन सीधे पटवारी की आईडी से करने, जिला स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना, साथ ही भूमि खरीद-बिक्री, रजिस्ट्री के साथ ही भुईयां पोर्टल पर भी इसे अपडेट करने और किसान के बैंक कर्ज चुकाने के बाद भुईयां पोर्टल से बंधक स्वतः हटाने के प्रावधान की मांग कर रहे थे।

रिश्वत लेने वाले महिला टीआई को नही मिली जमानत

रायपुर। एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा बीस हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार की गई महिला थाना प्रभारी वेदमति दरियो का जमानत आवेदन विशेष न्यायालय ने खारिज कर दिया.न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला दिया कि केस डायरी के अवलोकन से आर्थिक अपराध होना प्रथम दृष्या दर्शित है. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आवेदिका की ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन अस्वीकार कर निरस्त किया जाता है.विशेष न्यायाधीश (भ्र.नि.अधि.) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी की अदालत में उनकी जमानत आवेदन पर मंगलवार को सुनवाई की गई. आवेदिका की ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन में कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है. आरोपित अपराध में आवेदिका की कोई भूमिका नहीं है. आवेदिका शासकीय कर्मचारी और छत्तीसगढ़ की स्थायी निवासी है, जिसके फरार होने की संभावना नहीं है. आवेदिका जमानत दिए जाने पर न्यायालय द्वारा अधिरोपित समस्त शर्तों का पालन करने तैयार है. अतः निवेदन है कि जमानत का लाभ प्रदान किया जाए. राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर की ओर से प्रस्तुत विरोध पत्र में उप संचालक अभियोजन मिथलेश वर्मा ने जमानत आवेदन को निरस्त किए जाने का निवेदन किया.

हमारे TAX EXPERT
आपकी मदद हेतु तैयार हैं
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
संपर्क- शेखर गुप्ता मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-ब्रजेश शुक्ला द्वारा आशीर्वाद, सी-255, रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स 317/4 सरोना रायपुर से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल- dainandini@yahoo.in, mail2dainandini@gmail.com